समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023  ₹ 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23  वर्षः 17  अंकः 345  पृष्ठः 12  RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com  राष्ट्रीय संस्करण  दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## 'गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ'

= पीएम नरेंद्र मोदी ने ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**सत्य का महत्व**

8 हम अपने जीवन में कई समान सारे मूल्यों को देखते हैं जो हमें एकजुट करते हैं : पीएम नरेंद्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूरे देश** के साथ में दुनियाभर में क्रिसमस डे का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रहने वाले ईसाई समुदाय के लोगों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।
पीएम मोदी ने क्रिसमस डे कार्यक्रम में कहा, "हम अपने जीवन में कई समान सारे मूल्यों को देखते हैं जो हमें एकजुट करते हैं। जैसे पवित्र बाइबिल कहती है कि भगवान ने हमें जो कुछ भी दिया है, वह दूसरों की सेवा के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। यही 'सेवा परमो धर्म' है।"
**पवित्र बाइबल में सत्य को सबसे अधिक महत्वः** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, "पवित्र बाइबल में सत्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केवल सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। संयोग की बात यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ 'परम सत्य' को जानने पर केंद्रित हैं। सभी ग्रंथों का यह समन्वय 21वीं सदी के आधुनिक भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।"
**गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं ईसाईः** प्रधानमंत्री मोदी ने आगे समाज को दिशा देने और सेवा भावना में भूमिका के लिए ईसाई समुदाय की सराहना की और कहा कि देश इस बात को गर्व से स्वीकार करता है। क्रिसमस के मौके पर मोदी ने ईसाइयों के साथ अपने पुराने, घनिष्ठ और मधुर संबंधों को याद किया।

### 'ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा से भरा है'



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में ईसाई समुदाय द्वारा संचालित संस्थान देश भर में बड़ा योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा और सेवा पर केंद्रित था और उन्होंने एक समावेशी समाज के लिए काम किया जहां सभी के लिए न्याय हो।

## अगले साल लागू होगा यूसीसी: सीएम पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार के जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज का आशीर्वाद लिया और कई मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद सीएम कनखल स्थित हरिहर आश्रम में आयोजित दिव्य अध्यात्म महोत्सव में पहुंचे। वहीं, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुधांशु त्रिवेदी भी हरिहर आश्रम पहुंचे।
**नए साल में मिल जाएगा यूसीसी का ड्राफ्टः** सीएम धामी ने कहा कि हमने एक ओर जहां



उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया। प्रदेश में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई की गई। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी पहली बार कार्रवाई करने से हम पीछे नहीं हटे। इसके साथ ही हमने प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी प्रारंभ की। अब हम उत्तराखंड में समान नागरिक आचार संहिता को भी लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। नए साल में ड्राफ्ट मिल जाएगा। पीएम के विजन के अनुरूप हम राज्य के विकास और कल्याण के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।






# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, हादसे में एक की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ नोएडा/ब्यूरो** सेक्टर-126 मयूर गोल चक्कर के पास सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद शौचालय की दीवार से टकराई गई। हादसे में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची सेक्टर-126 कोतवाली पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि सोमवार तड़के करीब तीन बजे सेक्टर-126 मयूर गोल चक्कर के पास एक कार तेज गति के कारण डिवाडर से टकरा गई। हादसे में लखनऊ के तुषार चौधरी की मृत्यु हो गई। आगरा का शुभम व लखनऊ की सागोरिका मित्रा घायल हो गए।

**जेपी अस्पताल में भर्ती घायलः** घायलों का सेक्टर-128 स्थित जेपी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने हादसे में मारे गए युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। जांच में आया है कि दिल्ली के करोल बाग में श्री राम फाइनेंस कंपनी के लोन विभाग में नौकरी करता था। शुभम ग्रेटर नोएडा की स्केलर कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जबकि सगोरिया मित्रा नौकरी की तलाश कर रही है। पुलिस ने घटना के संबंध में मृतक के स्वजन को सूचित कर दिया है।



घटना के बाद से मृतक के परिवार में मातम छाया है। जानकारी पर पता चला है कि तीनों ग्रेटर नोएडा से कार में सवार होकर दिल्ली में खाना खाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

**इनोवा की चपेट में आकर मासूम घायलः** सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास एक दो साल का बच्चा इनोवा की चपेट में आकर घायल हो गया। सेक्टर-58 कोतवाली का कहना कि मेर्ट्रो स्टेशन के पास एक बच्चा इनोवा कार जो कि सेक्टर-74 से दिल्ली की ओर जा रही थी उसकी चपेट में आ गया। जिसे इनोवा चालक द्वारा सेक्टर-71 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर कार के चालक को हिरासत एवं वाहन को कब्जे में लिया गया है। बच्चे का उपचार चल रहा है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**हादसे में घायल कांस्टेबल की उपचार के दौरान मौतः** सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल में सड़क हादसे में घायल कांस्टेबल की उपचार के दौरान मौत हो गई। सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरक्षी सत्येंद्र(29) मथुरा की बस में सवार होक र जा रहे थे।

आगरा जिल में एक ट्रक की बस से टक्कर हो गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## चिल्लाती रही मां... बेटी को कार में किडनैप कर ले गए दो लोग

**मोदीनगर।** कोतवाली क्षेत्र में एक मंदिर के निकट आरोपितों ने मां के सामने से बेटी का अपहरण कर लिया। आरोपित युवती को कार में डालकर ले गए। शोर मचाने पर भी वे नहीं रूके। शक के आधार पर चार आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने अपहरण की धारा में केस दर्ज किया है। रविवार को मोदीनगर व भोजपुर थाने में दो किशोरी व दो युवती लापता होने के मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस सभी की तलाश में जुटी है। मेरठ जिले के परतापुर की एक कॉलोनी की महिला गृहणी हैं। उनकी 18 वर्षीय बेटी एक कॉलेज की छात्रा है। दोनों मोदीनगर में एक मंदिर के पास किसी काम से आए थे। इस बीच अचानक एक सेंट्रो कार वहां आकर रूकी। उसमें से दो आरोपित उतरे और छात्रा का अपहरण कर लिया। कार में डालकर आरोपित उसे ले गए। महिला ने उनकी पीछा किया और शोर मचाया, लेकिन वे कार की रफ्तार बढ़ाकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

# पहली कक्षा की छात्रा से की दरिंदगी, बाद में पकड़ने लगा पैर

**दरिंदगी**

8 लिंक रोड थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में भंडारे प्रसाद लेने गई आठ साल की बच्ची से ढाबा कर्मचारी ने दरिंदगी की



**टीम एक्शन इंडिया/ साहिबाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में भंडारे प्रसाद लेने गई आठ साल की बच्ची से ढाबा कर्मचारी ने दरिंदगी की। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को बच्चे ने दरिंदे को देखा तो अपनी नानी से आपबीती बताई। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। लिंक रोड थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में एक आठ साल की बच्ची नाना-नानी के साथ रहती है। बच्ची के माता पिता गुजर चुके हैं। वह क्षेत्र के ही एक स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा है।

**भंडारे में प्रसाद लेने गई थी बच्ची :** 17 दिसंबर को घर से कुछ दूरी पर ही भंडारा लगा हुआ था। बच्ची अकेले ही भंडारे का प्रसाद लेने के लिए गई थी। वहां पर उसे ढाबे पर काम करने वाला कर्मचारी लवकुश मिला। वह पहले से बच्ची को जानता था। घुमाने की बात कहकर बच्ची को सूनसान स्थान पर बने एक खंडहर में ले गया। जहां उसने बच्ची से दरिंदगी की। बच्ची चीखने चिल्लाने लगी। उसने डरा धमका कर चुप करा दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बच्ची भी अपने घर आ गई। उसने किसी से कुछ नहीं बताया। शनिवार को बच्ची अपनी नानी के साथ थी। आरोपित घर के पास से गुजरा तो बच्ची ने उसे पहचान लिया। नानी को पूरे मामले की जानकारी दी।

**महिला पहुंची घर तो जोड़ने लगा हाथ पैरः** बच्ची के साथ दरिंदगी की बात सुनकर नानी के पैर तले जमीन खिसक गई। कुछ देर के लिए वह शांत हो गईं। फिर वह आरोपित के घर पहुंची और उसकी करतूत के बारे में पूछा। खुद को घिरता देखकर आरोपित उनके हाथ पैर जोड़ने लगा। मौका देखकर वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने रविवार दोपहर लिंकरोड थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज की।

# वसुंधरा में 18 साल बाद भी नहीं मिली मूलभूत सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/साहिबाबाद। वसुंधरा में** लगातार मांग करने के बाद भी अस्पताल, स्कूल, सामुदायिक केंद्र समेत 11 मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से परेशान लोगों में रोष है। इसको लेकर यहां के लोग पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सोमवार से सात दिन तक अनशन पर बैठेंगे। लोगों का कहना है कि 31 दिसंबर तक लोगों का अनशन जारी रहेगागातार मांग के बाद भी आवास विकास ने सुविधाएं नहीं दी हैं। वसुंधरा विकास समिति के संरक्षक उदय भान गर्ग ने बताया कि करीब 18 साल पहले यहां लोगों ने रहना शुरू किया था। आवास विकास परिषद को वसुंधरा सेक्टर-सात व आठ में यहां के लोगों को ज्यादातर मूलभूत सुविधाएं देनी थीं। बहुद्देशीय खेल परिसर, सामुदायिक सुविधा केंद्र,



सरकारी अस्पताल, डिग्री कॉलेज, खेल मैदान, ग्रीन बेल्ट आदि सुविधाएं नहीं मिली हैं।

**अभी तक नहीं बना खेल मैदान :** लोगों का कहना है कि खेल मैदान के लिए वसुंधरा सेक्टर-सात में 20 हजार वर्ग मीटर जमीन भी छोड़ी गई है, लेकिन अभी तक मैदान नहीं बनाया गया है। इन सुविधाओं के मिलने से वसुंधरा के 19 सेक्टरों के लोगों को राहत मिलेगी। आवास विकास इन सुविधाओं को देने के लिए लंबे समय से मांग कर रहे हैं। अनशन में वसुंधरा के सेक्टरों के अलावा इंदिरापुरम, कौशांबी, वैशाली गाजियाबाद शहर आदि के लोग भी शामिल होंगे।

**ये भी हैं मुख्य मांगेः** समिति के महासचिव बलराम बैसला ने बताया कि वसुंधरा में अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति नहीं रखी गई है। फायर स्टेशन नहीं है, आबादी के अनुपात में पार्कों नहीं है। इसका निर्माण कराया जाए। इसके अलावा साहिबाबाद नमो भारत से दिल्ली मेट्रो का नोएडा सेक्टर-62 तक विस्तार किया जाए। वैशाली मेट्रो स्टेशन से दिल्ली मेट्रो लाइन का मोहननगर तक विस्तार किया जाए। इससे लाखों लोगों को सुविधा मिलेगी।

**लोग लंबे समय से कर रहे मांगः** इन सभी मुद्दों को लोग लंबे समय से उठा रहे हैं। साल 2016 में भी लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर अटल चौक पर धरना दिया था।

## दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स के शेल्टर में रहने वाले तिमारदारों के साथ मनाया क्रिसमस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** क्रिसमस पर्व पर दिल्ली में आस्था के साथ मस्ती का अद्भुत संगम देखने को मिला। चर्च से लेकर घर तक में जहां इसाई समुदाय के लोगों ने भक्ति के साथ प्रभु यशु को याद किया और क्रिसमस की एक-दूसरे को शुभकामना दी। इस मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एम्स के शेल्टर में रहने वाले तीमारदारों के साथ क्रिसमस मनाया। सौरभ भारद्वाज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बच्चों और तिमारदारों के साथ क्रिसमस मनाने का वीडियो भी साझा किया। बता दें कि क्रिसमस पर्व पर पर्यटन स्थलों से लेकर रेस्त्रां व बाजार मस्ती में डूबे रहे। लोग परिवार व दोस्तों के साथ मौज मस्ती करने कर्तव्य पथ, कनाट प्लेस, चिड़ियाघर व लालकिला जैसे पर्यटन स्थल पहुंचे। इससे इन स्थान विशेष पर जाम की स्थिति देखने को मिली।


## गुमशुदा/लापता की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **कविता** पत्नी **अशोक यादव निवासी:** म.नं. 1832, रवी दास बस्ती, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली है, जो कि अपने घर से दिनांक 15.11.2023 से थाना क्षेत्र कोटला मुबारकपुर, दिल्ली के अंतर्गत से लापता/अगवा है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 22 वर्ष, **कद:** 5'4", **रंग:** साफ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **बाल:** सामान्य लम्बे, जिसने हरे रंग का सूट व सलवार और काले रंग की चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 61ए, दिनांक 28.11.2023 को थाना कोटला मुबारकपुर, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना कोटला मुबारकपुर, दिल्ली**
**फोन नं.: 011-24624825, 24620106, 8700434415**

DP/14404/SD/2023


## पानी गर्म करने का रॉड हाथ में लेकर ऑन किया स्विच, करंट से किशोर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा। सेक्टर-45** स्थित सदरपुर कॉलोनी में एक किशोर की पानी गर्म करने वाले रॉड से करंट लगने से मौत हो गई। सेक्टर-39 कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सदरपुर कालोनी का देव (16) रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे मोबाइल फोन पर किसी से बात कर रहा था।



**फोन पर बात करने में हो गया था व्यस्तः** इसी दौरान नहाने के लिए वह पानी गर्म करने गया। इसी दौरान किशोर फोन पर बात करने में इतना व्यस्त हो गया कि पानी गर्म करने की रॉड को प्लास्टिक की पानी की बाल्टी में ना लगाकर दूसरे हाथ में लगाकर बिजली का प्लग ऑन कर दिया। जिससे रॉड में करंट उतरने के बाद बेहोश हो गया।

जानकारी पर स्वजन ने उसे उपचार के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिवार में मातम छाया है। वहीं जिला अस्पताल के डॉ. असद बताते हैं कि सर्दी में लोग गर्म पानी से नहाना शुरू कर देते हैं। घरों में नहाने के लिए पानी गर्म करने के लिए गीजर और वाटर हीटर रॉड का इस्तेमाल किया जाता है। इन उपकरणों की मदद से पानी गर्म करना भले ही आसान हो, लेकिन इनके लिए सावधानी की भी जरूरत होती है।

**रॉड के इस्तेमाल के दौरान रखें सावधानीः** जब भी पानी गर्म करें तो पानी का टेंपरेचर देखने के लिए स्विच को ऑफ करें। चालू स्विच होने पर पानी में हाथ न डालें। रॉड को इस्तेमाल के बाद बंद करके रखें। पानी जब गर्म हो जाए तो स्विच बंद करने के करीब 10 सेकेंड के बाद रॉड को पानी से बाहर निकाले। कभी भी लोहे या स्टील की बाल्टी में पानी गर्म न करें।

# हटाई जाएगी 150 साल पुरानी सुनहरी बाग मस्जिद?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** उद्योग भवन के सामने गोल चोराहे पर स्थित सुनहरी बाग मस्जिद को हटाने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नागरिकों से सुझाव मांगे हैं। एनडीएमसी के मुख्य वास्तुकार की ओर इसके लिए सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसके तहत इस इलाके में यातायात के सुचारु संचालन के लिए मस्जिद को हटाना है। नागरिक एक जनवरी को शाम पांच बजे तक पर सुझाव भेज सकते हैं। वहीं, मस्जिद से जुड़े लोगों का दावा है कि मस्जिद 150 साल पुरानी है। चूंकि, सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत यह इलाका पुर्नविकसित हो रहा है, आने वाले दिनों में यहां पर यातायात भी बढेगा। ऐसे में एनडीएमसी इस इलाके को यातायात की दृष्टि से दुरुस्त करना चाहता है। उद्योग भवन के सामने यह इलाका सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। इसके आसपास केंद्र सरकार के कार्यालयों के साथ ही रक्षा बलों उच्चस्थ अधिकारियों के कार्यालयों के भी करीब है। एनडीएमसी ने अपनी सार्वजनिक सूचना में यातायात पुलिस के उस पत्र का भी जिक्र किया है जिसमें यातायात संचालन को दुरुस्त करने के लिए पत्र आया था। एनडीएमसी के अनुसार, यहां बढ़ते यातायात को देखते हुए दो बार यातायात पुलिस के साथ संयुक्त निरीक्षण हुआ है। इस दौरान इस मस्जिद को हटाने की या स्थानांतरित करने की सहमति बनी। इस मामले में दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका की सुनवाई को हाईकोर्ट ने एजेंसियों के उस हलफनामें के बाद बंद कर दिया था, जिसमें एजेंसियों ने कानूनी तरीके से कार्रवाई करने की बात कही थी। वक्फ बोर्ड ने अपनी याचिका में कहा था कि मस्जिद 150 वर्ष पुरानी है। इसमें पांचों वक्त की शुक्रवार और ईद की नमाज अदा की जाती है। उल्लेखनीय है कि सुनहरी बाग मस्जिद गोलचक्कर मौलाना आजाद रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग और कामराज मार्ग को जोड़ता है। सुनहरी बाग मस्जिद तीसरी श्रेणी की हेरीटेज साइट की सूची में शामिल भी है।

## ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई

**नोएडा:** नोएडा सेक्टर-126 मयूर गोल चक्कर के पास सोमवार तड़के तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायलों का जेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार तड़के सेक्टर-126 स्थित मयूर गोल चक्कर के पास एक तेज रफ्तार फोर्ड कार डिवाइडर से टकरा गई।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भूजल में आर्सेनिक-फ्लोराइड पाए जाने पर एनजीटी चिंतित

## दिल्ली सहित कई राज्यों के नोटिस जारी कर एक महीने में मांगा जवाब, तत्काल रोकथाम व उचित कदम उठाने की आवश्यकता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** और अन्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के भूजल में अधिक मात्रा में आर्सेनिक और फ्लोराइड की मौजूदगी पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। एक रिपोर्ट का संज्ञान लेकर एनजीटी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में राज्यों के भूजल में आर्सेनिक और फ्लोराइड मिलना बहुत गंभीर है और तत्काल रोकथाम व उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। ऐसे में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बंगाल समेत विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया जाता है। एनजीटी ने सभी प्रतिवादियों को एक महीने के अंदर मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 15 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

**कई राज्यों में मिला आर्सेनिकः** एनजीटी ने नोट किया कि 25 राज्यों के 230 जिलों व केंद्र शासित प्रदेशों में आर्सेनिक और 27 राज्यों के 469 जिलों में भूजल में फ्लोराइड पाया गया है। यह भी नोट किया कि इस तरह की घोषणा केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री ने राज्यसभा में की है।





### न्यूजक्लिक के एचआर हेड ने लगाई सरकारी गवाह बनने की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली न्यूजक्लिक** समाचार पोर्टल के एचआर विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर कर आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति मांगी है। चक्रवर्ती ने पिछले सप्ताह विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आवेदन देकर मामले में माफी की मांग की और दावा किया कि उनके पास महत्वपूर्ण जानकारी है जिसका वह दिल्ली पुलिस को खुलासा करना चाहते हैं, जो इस मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि न्यूज पोर्टल पर चीन से फंडिंग लेकर उसके पक्ष में खबरें चलाने का आरोप है। इस मामले में पिछले दिनों गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत न्यूजक्लिक के संस्थापक व प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ व एचआर कर्मी अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी हुई थी। न्यायाधीश ने चक्रवर्ती का बयान दर्ज करने के लिए मामले को मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष भेज दिया है। समाचार एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि जांच एजेंसी उनके बयान को देखने के बाद इस पर फैसला लेगी कि अदालत के समक्ष उनके आवेदन का समर्थन किया जाए या नहीं। बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने चक्रवर्ती और न्यूज पोर्टल के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। "भारत की संप्रभुता को बाधित करने" और देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिए मिला था।

### स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभावः एनजीटी



**एनजीटी ने** कहा कि अग्रिम सूचना पर सीजीडब्ल्यूए ने 18 दिसंबर को दाखिल अपनी रिपोर्ट में विभिन्न जिलों में 25 जिलों में आर्सेनिक 27 राज्यों में फ्लोराइड की मौजूदगी को स्वीकार किया गया है। यह भी स्वीकार किया है कि कि दोनों रसायनों/धातुओं में बहुत गंभीर विषाक्तता है और मानव शरीर और स्वास्थ्य पर इसका खतरनाक प्रभाव पड़ता है।

# अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकतंत्र को ताकत दीः मुख्तार अब्बास



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व** प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी देश के मूर्धन्य राजनेता और राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाएं दीं। वे कहा करते थे कि मन से कोई बड़ा नहीं होता है, अटलजी की कविताओं में जीवन का सार दिखता है। उनके जीवनी से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।
कार्यकर्ताओं से वे आसानी घुलमिल जाते थे। देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने वाले पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकतंत्र को ताकत दी। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहीं। मौका था भारतीय बौद्ध संघ की तरफ से एनडीएमसी सभागार में उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का।
कार्यक्रम का आयोजन बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित समारोह में देशभर के बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया और उन्हें याद किया। इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा, प्रदेश भाजपा पूर्व अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# 30 दिसंबर तक चलेगा आम आदमी पार्टी का 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने कहा है कि "मैं भी केजरीवाल" हस्ताक्षर अभियान को दिल्ली की जनता की ओर से काफी रिस्पांस मिल रहा है। जनता से मिल रहे समर्थन के कारण पार्टी ने डोर टू डोर कैंपेन की समय सीमा बढ़ाने का एलान किया है। अब यह अभियान 30 दिसंबर तक चलेगा। आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 30 दिसंबर तक लोगों के घर जाकर उनसे राय शुमारी करेंगे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली की जनता से मिल रहे प्यार और भारी समर्थन को देखते हुए 20 दिसंबर तक चलने वाला डोर टू डोर कैंपेन अब 30 दिसंबर 2023 तक चलेगा। इसके बाद हमारे नेता चार जनवरी से लेकर सात जनवरी 2024 तक पूरी दिल्ली में जनसभाएं की जाएंगी।



**आज महिलाओं को मिल रही फ्री में बस यात्राः** राय ने कहा कि जिस तरीके से मोदी सरकार आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है उसको लेकर दिल्ली की जनता बहुत गुस्से में है।

# 'जीवनसाथी का सार्वजनिक रूप से अपमान करना क्रूरता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने माना है कि पति को सार्वजनिक रूप से परेशान और अपमानित करने का कृत्य अत्यधिक क्रूरता के दायरे में आता है। अदालत ने कहा कि एक पति या पत्नी की छवि को सार्वजनिक रूप से खराब करने के लिए जीवनसाथी द्वारा लगाए गए लापरवाह, अपमानजनक और निराधार आरोप क्रूरता के सिवा कुछ नहीं है। वैवाहिक संबंध विश्वास पर टिका है और एक जीवनसाथी से इस तरह के अपमानजनक आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अदालत ने उक्त टिप्पणी पति को तलाक देने के तीस हजारी के पारिवारिक अदालत के 31 अगस्त 2016 के निर्णय को चुनौती देने वाली महिला की याचिका पर की। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि कोई भी जीवनसाथी न केवल अपने साथी से यह अपेक्षा करता है कि वह उनका सम्मान करे, बल्कि यह भी सोचता है कि जरूरत के समय उसकी छवि और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए ढाल के रूप में कार्य करे।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर नई दिल्ली में अटल समाधि सदैव अटल में पुष्पांजलि अर्पित की।

# घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश और पंजाब, हरियाणा से लेकर राजस्थान व बिहार तक पूरा उत्तर पश्चिम भारत घने कोहरे और भीषण शीतलहर की चपेट में है। पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले इलाकों में बीते कुछ दिनों से हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गलन भी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो से तीन दिनों तक राहत भी नहीं मिलेगी। मिली जानकारी के मुताबिक, कोहरे के वजह से दिल्ली आने वाली कई फ्लाइट्स प्रभावित हो गई हैं। तो वहीं कई को डायवर्ट कर दिया गया है। दिल्ली में खराब मौसम की वजह से सात फ्लाइस्ट को जयपुर के लिए डायवर्ट कर दिया गया था और एक फ्लाइट को अहमदाबाद के लिए डायवर्ट किया गया। अभी आसमान में कोहरे की घनी परत नहीं दिख रही है। सैटेलाइट से कुछ तस्वीरें ली गई हैं। दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम भारत के हिस्सों में कोहरे की स्थिति देखी जा रही है। कुछ और इलाकों से भी कोहरा एक या दो घंटे में छंट जाएगा। दृश्यता की स्थिति एक ही राज्य में 0-500 के बीच अलग हो सकती हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बीते दो दिन से सुबह के समय घने कोहरे का प्रकोप देखा जा रहा है। इसके चलते एक दिन पहले दिल्ली में कई उड़ानें भी प्रभावित हुई थीं। दृश्यता कम होने से लोगों को मुश्किल हुई।



**शीतलहर**

= पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले इलाकों में बीते कुछ दिनों से हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गलन भी बढ़ गई है

# एयरपोर्ट से सीआईएसएफ की कस्टडी से फरार हुआ दुष्कर्म का आरोपी

**टीमें गठित**

= आईजीआई एयरपोर्ट थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से गिरफ्तार हुए दुष्कर्म का एक आरोपी सीआईएसएफ की कस्टडी से फरार हो गया। सोमवार को घटना के बारे में सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी दी। आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह के रूप में हुई। वह 20 दिसंबर को बहरीन से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी को आप्रवासी विभाग में रोका गया था, क्योंकि उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। एयरपोर्ट पर उसको पकड़कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपा गया था।



**साढ़े तीन साल से था फरार**
पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पंजाब के लुधियाना में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। वह अप्रैल 2020 से फरार था।

**दिल्ली पुलिस को सौंपने से पहले हुआ फरार**
एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सीआईएसएफ कर्मी उसे दिल्ली पुलिस को सौंपने जा रहे थे, तभी वह सुबह करीब 10 बजे आप्रवासी विभाग के आगमन खंड में काउंटर नंबर-33 से कूदकर उनकी हिरासत से भाग गया। उस दौरान एक कर्मी वॉशरूम गया हुआ था, जिससे उसको भागने में सफलता मिल गई

**पकड़ने को लगाई टीमेंः** घटना के संबंध में आईजीआई एयरपोर्ट थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

# युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार, मुकुंदपुर में छिपा था

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**बिहार के** सिवान जिले के एक गांव में सगाई समारोह के दौरान किसी बात को लेकर झगड़ा होने एक युवक की लाठी व डंडे से पीट-पीट कर हत्या करने में शामिल एक आरोपित को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है।

**लगातार बदल रहा था ठिकाने:** सिवान पुलिस का दबाव बढ़ने पर आरोपित लगातार ठिकाने बदल रहा था। कुछ समय से वह बुराड़ी के जनता विहार, मुकुंदपुर में छिपा हुआ था। विशेष आयुक्त, क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपित का नाम जितेंद्र राम है। वह पतोवा गांव, सिवान, बिहार का रहने वाला है। पिछले साल छह मई को सिवान के गुठानी थाने में जितेंद्र समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मरने वाले युवक के स्वजन ने पुलिस में शिकायत कर आरोप लगाया था कि नैनीजोत गांव का रहने वाला जितेंद्र राम, उनकी बेटी की सगाई समारोह में उपस्थित हुआ था। समारोह के दौरान कुछ मामूली मुद्दों पर मरने वाले युवक से जितेंद्र की तीखी बहस हो गई थी। जिसपर जितेंद्र व उसके कुछ साथियों ने लाठियों से बेरहमी से युवक की पिटाई कर दी थी। वारदात के बाद सभी मौके से भाग गए थे।

# यानिका की मेडिकल रिपोर्ट ने बयां की बर्बरता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/नोएडा**
**पत्नी** के साथ मारपीट करने के आरोपी मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा की सोसाइटी में जाकर पुलिस ने जांच की और घटना से जुड़ी जानकारी ली। वहीं विवेक की पत्नी यानिका की मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस जांच आगे बढ़ाएगी। सोमवार को विवेक की पत्नी यानिका का परिवार पुलिस अधिकारियों से मिलकर जांच में तेजी की मांग करेगा।
मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा सोसाइटी में रहते हैं। पत्नी के साथ मारपीट की घटना सोसाइटी में ही हुई थी। इस मामले में नोएडा पुलिस की टीम रविवार को सोसाइटी पहुंची। वहां घटना से जुड़ी जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज देखे।

**यह था मामलाः** 14 दिसंबर को गाजियाबाद निवासी वैभव ने कोतवाली सेक्टर 126 में अपने बहनोई मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ बहन के साथ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिंद्रा और यानिका की शादी 6 दिसंबर को हुई थी। शादी के बाद दोनों नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा वेस्ट रेजीडेंसी में रह रहे हैं। शादी के अगले दिन ही सात दिसंबर को विवेक बिंद्रा अपनी मां प्रभा से झगड़ा कर रहे थे।

मारपीट से पूरे शरीर पर घाव
इस बात को लेकर नवविवाहिता पत्नी यानिका ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो विवेक ने उसे



# '22 जनवरी को देश में उत्सव मनाया जायेगा'

'श्री राम जी के मंदिर को तोड़े जाने के पांच सौ वर्षों के बाद भी भगवान राम का अस्तित्व, उनकी स्मृतियाँ और आस्था खत्म नहीं हुई'

**हर्षोल्लास**

तीन लाख से ज्यादा धर्म प्रेमियों ने अपना बलिदान दिया, इसलिए 22 जनवरी का दिन शौर्य दिवस के रूप में भी मनेगा





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर को तोड़े जाने के पांच सौ वर्षों के बाद भी भगवान राम का अस्तित्व, उनकी स्मृतियाँ और आस्था खत्म नहीं हुई, यही सनातन धर्म की मजबूती का आधार है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण हमारे लिए गर्व एवं श्रद्धा की बात है, 22 जनवरी को पूरे देश में दिवाली की तरह उत्सव मनाया जायेगा। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवम वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने निगम पार्षद हरि सैनी के साथ पांच दीये राम के नाम अभियान की हनुमान नगर, ऋषि कॉलोनी, सुंदल मौहल्ला, सैनीपुरा, लाल दरवाजा, सुंदर सांवरी, कबीर भवन, मौहल्ला कोट, मौहल्ला भाटान, बाल्मीकि बस्ती, कच्चा बाग में दीयों के पैकेट वितरित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि मंदिर को बचाने और पुनर्निर्माण के लिए तीन लाख से ज्यादा धर्म प्रेमियों ने अपना बलिदान दिया, इसलिए 22 जनवरी का दिन शौर्य दिवस के रूप में भी मनाया जायेगा।

राजीव जैन ने कहा कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दीये जलाये गए थे ठीक उसी तरह अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन अवसर पर हम भी घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर रोशनी करें, दीये जलाएं। उन्होंने 21 जनवरी को शहर में भव्य श्री राम मंदिर के प्रतिरूप की निकाली जाने वाली शोभा यात्रा का भी निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में रजत जैन, अशोक शर्मा अधिवक्ता, जय भगवान, बिट्टू पांचाल, गौरव, सूरज, कृष्ण भाटिया, रवि, जग्गा बागड़ी, सुनील, नवाब, सत्यनारायण महरा, महेश, अशोक बागड़ी, राहुल जैन, संदीप, नवीन कौशिक, प्रविंद्र ढिल्लों, अनिल बाल्मीकि, अनिल कौशिक, ओमप्रकाश जोगी आदि मौहल्ला निवासी उपस्थित रहे।

# हाली कॉलोनी में लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
बाबैल रोड़ स्थित पानीपत ग्रामीण की हाली कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ा, अभियान के तहत महिपाल सूबेदार ने सभा को संबोधित करते हुए, कहा कि कॉलोनी में लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बार-बार धरने प्रदर्शन करने के बावजूद भी नालियां, गलीयां, सड़के जो उखड़ी पड़ी हैं। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही। साफ सफाई का और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए हमारा प्रयास है कि कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी ओर लोगों को मूल भुत सुविधाओं का लाभ मिले। इसीलिए हमने बीड़ा उठाया है, कि कॉलोनियों में लगातार पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम घर-घर तक पहुंचाएं, और जो एजेंडा कांग्रेस पार्टी ने और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिया है उसका प्रचार प्रसार करें। जैन-जंन तक पहुंचने का कार्य करें। नगर निगम में जाते हैं तो लोगों के काम नहीं होते। प्रॉपर्टी आईडी की समस्या सबसे ज्यादा है। जरूरतमंद आदमी राशन कार्ड के लिए, बुढ़ापा पेंशन के लिए दफ्तर में जाते है तो उन्हें पोर्टल का बहाना बताकर उनको टरकाने का काम किया जाता है।

# कलाल माजरी का कमल चरस व एक्टिवा सहित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के कुशल मार्गदर्शन एवम निर्देशों की पालना में अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर क्षेत्र नजदीक सिटी पार्क के पास से 23 दिसम्बर 2023 को थाना अम्बाला शहर के पुलिस दल ने प्रबंधक थाना निरीक्षक मुनीष कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी कमल नैन निवासी कलाल माजरी अम्बाला शहर को 22 ग्राम 750 मिलीग्राम चरस व एक्टिवा सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला शहर में मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी का 01 दिन पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। 23 दिसम्बर 2023 को थाना अम्बाला शहर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है जो काफी मात्रा में मादक पदार्थ ले कर अम्बाला शहर क्षेत्र नजदीक सिटी पार्क के पास एक्टिवा से जाएगा।

**काबू**

पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र नजदीक सिटी पार्क के पास नाकाबंदी की

यदि तुरन्त कार्यवाही की जाए तो उनको मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया जा सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र नजदीक सिटी पार्क के पास नाकाबंदी की।

## शराब ठेके से सेल्समैन को बाहर निकालकर आग लगाने का आरोप

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव बोहला में शराब ठेके पर सेल्समैन को बाहर निकालकर ठेके में आग लगाने के आरोप का मामला सामने आया है। शराब ठेकेदार ने एक युवक व उसके साथियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सलारपुर माजरा निवासी प्रवेश ने बताया कि उन्होंने गांव बोहला माजरा में शराब का ठेका खोल रखा है। उनके ठेके पर गांव सलारपुर माजरा का जयभगवान सेल्समैन हैं।

# अम्बाला पुलिस ने चलाया साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओपी सिंह के निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में 24 दिसम्बर 2023 को सुबह हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साईबर अपराधों के बारे में जागरूक किया और साईबर अपराधों से बचने के उपाये बताए।

इस साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान में कार्यक्रम में काफी संख्या में आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों व राहगिरो ने भाग लिया। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर सैल अम्बाला के कर्मचारियों ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमे उन्होने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की काल पर भरोसा करके आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करें। अपने फेसबुक,व्हटसप का पासवर्ड माह में बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का विडियो काल ना उठाएं। बिना जानकारी के लालच में आकर आनलाईन सस्ते सामान को ना खरीदे जिससे कि आपको नुकशान उठाना पढे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को साईबर अपराधो व धोखधड़ी करने वालो से बचाना और जागरूक करना है। साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साईबर क्राईम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर काल करें व वेबसाइट साइबर क्राईम डाट जीओवी डाट इन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये।

**जागरूक किया**

माध्यम से लोगों को साईबर अपराधो व धोखधड़ी करने वालो से बचाना और जागरूक करना है

# अनन्त उम्मीद वेलफेयर सोसायटी ने बांटे निशुल्क कपड़े



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अनंत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी(रजि.) के द्वारा जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए लगाया निशुल्क कपड़ो का कैंप
ठंड के मौसम को देखते हुए, लोगों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से अनंत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा निशुल्क पुराने /नए कपड़ो के वितरण की सेवा, नजदीक साकेत हॉस्पिटल, महेश नगर, अंबाला छावनी में की गई। समाज सेवा के उद्देश्य से अनंत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर सेवा की और जरूरतमंद लोगों को ठंड मे बचाने के लिए कपड़ो का वितरण किया गया। जिसमें बहुत से जरूरतमंद बच्चों, बड़ों और बुजुर्गों ने अपनी जरूरत के हिसाब से कपड़े लिए। अनंत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान अमित ग्रोवर ने बताया कि संस्था इस तरह के समाज सेवा के कार्य पहले भी करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने बताया कि संस्था समय-समय पर जरूरतमंद लोगों के लिए काम करती रहती है। इसमें लोगों के स्वास्थ, गरीब बच्चों की पढ़ाई और जरूरतमंद लोगों की सहायता मुख्य है। अनंत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लगाए गए आज के इस कैंप में संस्था के प्रधान अमित ग्रोवर, अरविंदर सिंह रवि कनौजिया, अमित, अमन, अजय भारद्वाज, कवि कनौजिया, रविकांत, विनय, , टिंकू, हर्ष कुमार अमन गुप्ता उपस्थित रहे।

**समाजसेवा**

समाज सेवा के उद्देश्य से अनंत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर सेवा की

# अक्षत कलश यात्रा में श्रीराम के जयनारों से वातावरण भक्तिमय बनाया



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राई हलके के गांव मनौली से दहिसरा तक अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भाजपा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई व अन्य भगवान जय श्रीराम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। सम्पूर्ण वातावरण जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह पर लोग अक्षत कलश का स्वागत कर रहे थे। पुनीत राई ने बताया कि भगवान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से लाए गये पूजित अक्षत कलश को पंचायतों में एक पंचायत प्रमुख बना कर उन्हें पूजित अक्षत कलश सौंपने के निर्देश है। हर हिंदू के घर से अक्षत देकर 22 जनवरी के अभूतपूर्ण क्षण से जुड़ने के लिए लोगों को आमंत्रण देने का काम कर रहे है। 22 जनवरी 2024 को राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होना है। अक्षत कलश यात्रा में सरपंच जयराम शर्मा, नंद किशोर चौहान, पवन मनौली, खटकड़ के सरपंच योगेश, जाटी के सरपंच सोनू, सतीश तुषीर, गजे सिंह, इन्द्र, विनोद चौहान, सुनील पंच आदि मौजूद थे।

**भक्तिमय**

अक्षत कलश यात्रा के दौरान मन्दिर में पहुंचने पर स्वागत करते भाजपा नेता पुनीत राई व ग्रामीण, सरपंच

## दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर-27** सोनीपत थाना क्षेत्र से दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित निवासी गाजीपुर यूपी हाल कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

उत्तर प्रदेश हालत में बहालगढ़ निवासी सोनू कुमार ने गत 3 जनवकरी 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने बच्चों को दवाई दिलवाने के लिए नागरिक अस्तपाल सोनीपत में आया था। उसने अपनी बाइक को अस्पताल परिसर की पार्किंग में खड़ा कर दिया।

# घने कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार रही धीमी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सुबह की** शुरूआत कोहरे से हुई। चूंकि अवकाश होने के कारण ज्यादातर लोग घरों में ही रहे। मगर इस दौरान जो भी किसी कार्य के लिए बाहर निकला, उसे परेशानी का सामना करना पड़ा। खासतौर पर वाहन चालकों को दिन के समय लाइट ऑन रखनी पड़ी। सुबह अम्बाला में भी घना कोहरा छाया रहा। जिसके कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला में भारी धुंध और कोहरा पड़ने के साथ साथ कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। धुंध पड़ने से खेतो में खड़ी गेहू और सरसो की फसल को बहुत लाभ मिलने की उम्मीद से किसानो में खुशी की लहर देखी जा रही है। भारी धुंध और कोहरा पड़ने से सड़क पर चलने वाले वाहनों के चालकों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

चंडीगढ़ हिसार मार्ग, अम्बाला दिल्ली मार्ग पर चलने वाले बड़े वाहनों को भारी धुंध और कोहरा पड़ने से काफी कठिनाई हुई। सड़क पर चलने वाले बड़े और छोटे वाहन लाइट जलाकर धीरे धीरे सड़क पर चलते देखा गया। भारी धुंध और कोहरा पड़ने से जंहा यातायात में लोगो को दिक्कत का सामना पड़ा वही खेतो में खड़ी गेहू और सरसो की फसलों को लाभ पहुंचने से किसानो के चेहरे खिले हुए देखे गए।

अम्बाला जिला के किसान सुभाष ने कहा क धुंध और कोहरे पड़ने से किसानों के चेहरों पर बहुत खुशी है क्योंकि धुंध पड़ने से खेतो में खड़ी गेहू और सरसों की फसल को इस से बहुत लाभ पहुंचेगा। किसान ने कहा कि धुंध और कोहरा पड़ने से खेतों में खड़ी गेहू और सरसों की फसलों में फुटाव होगा जिससे फसले काफी अच्छी होगी और किसानो की आमदनी बढ़ेगी।

**कोहरे की मार**

सुबह अम्बाला में भी घना कोहरा छाया रहा। जिसके कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

# विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को हमे मिलकर पूरा करना है: असीम गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होंगे। मोदी की गांरटी वाली गाडी आमजन के लिए खुशहाली लेकर आई हैं। विधायक आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव मेहला, भूनी और सौंन्टी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहीं। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नही हुआ है, दूसरा विकासशील देख जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे 37 देश हैं। हमें उन 37 देशों की श्रेणी में शामिल होने के लिये संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को 38वां विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकार के संकल्प लेने मात्र से कुछ नहीं होगा, जब तक प्रत्येक भारत वासी चाहे वह गांव, शहर, ढानी में रहता है, हर युवा बिजनसमेन, किसान, मजदूर जब तक संकल्प नहीं लेगा कि मैंने भारत को आगे बढ़ाना है, तब तक यह संकल्प पूरा नहीं होगा। आज जो मोदी जी की गांरटी वाली गाड़ी आपके गांव में आई है, यह गाड़ी भारत के पौने तीन लाख गांवों में जाएगी। आपने साढे 9 साल पहले मोदी जी को एक नया भारत बनाने के विश्वास के साथ देश की बागडोर संभाली थी, इन साढे 9 सालों में भारत कितना आगे बढ़ा है, वो इस गाड़ी के माध्यम से दशार्या जा रहा है।

**संकल्प**

सरकार के संकल्प लेने मात्र से कुछ नहीं होगा, जब तक प्रत्येक भारत वासी चाहे वह गांव, शहर, ढानी में रहता है

# लघु सचिवालय में मनाया गया अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी का जन्मदिवस



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**रविवार** को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी का जन्मोत्सव मनाते हुए उनके लिए मंगलकामना की गई। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अतिरिक्त उपायुक्त को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया कि वे इस कड़ी को थमने न दें। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का जन्मदिवस मनाने की इस परंपरा को जारी रखें। इस दौरान एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम डा. अनमोल, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ राजपाल चहल, डीडीए डा. पवन शर्मा, डीआईपीआरओ विजेंद्र कुमार, डीपीओ प्रवीण कुमारी, सीडीपीओ गीता गहलावत आदि अधिकारियों-कर्मचारियों ने अतिरिक्त उपायुक्त को जन्मदिवस की बधाइयां दीं। अतिरिक्त उपायुक्त ने सबका आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे इस प्रेम और सम्मान को सदैव स्मरण रखेंगी। इस अवसर पर उन्होंने केक भी काटा।

## न्यूज फ्लैश

### युवकों पर मंगेतर से रिश्ता तोड़ने व पिटाई करने का आरोप

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में युवक ने बाइक सवार युवकों पर मंगेतर से रिश्ता तोड़ने का दवाब बनाने व मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। देवडू निवासी सोहेल ने बताया कि वह अपने दोस्त अरशद के साथ खेतों की तरफ घूमने जा रहे थे। इसी दौरान चार बाइकों पर सवार होकर आठ युवक उनके पास आए। एक युवक ने मोबाइल में उनकी मंगेतर का फोटो दिखा कर रिश्ता तोड़ने का दबाव बनाया। उनका रिश्ता करीब 10 माह पहले गन्नौर क्षेत्र की युवती से हुआ था। इसके बाद अचानक युवकों ने बेल्ट और लात-घूंसों से हमला शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आरोपित मौके से भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास ने बताया कि युवकों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### घर से लाखों रुपये कीमत के जेवरात व हजारों रुपये की राशि चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-7 में स्थित मकान से लाखों रुपये कीमत के जेवरात व हजारों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-7 निवासी जवाहरलाल ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के पास परिवार सहित दिल्ली चला गया। रात को अपने परिवार के साथ वापिस लौटा। छत के रास्ते किसी ने घर के अंदर घुसकर करीब तीन तोले सोना व घर के अंदर रखे हुए करीब 12 हजार रुपये की राशि गायब मिली। किसी ने जेवरात व रुपयों को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना करके चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द से चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### महिला की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** मुरथल थाना पुलिस ने महिला की हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने के लिए फेंके गए मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित फरमान निवासी ग्यासपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव उमेदगढ़ निवासी शाहरूख ने 19 दिसंबर को पुलसि से शिकायत देकर बताया कि उसकी बहन गुलस्तिा (22) की शादी रखसेड़ा गांव में हुई थी। हाल में वह ग्यासपुर गांव में किराए के मकान पर रहती थी। उसी बहन व जीजा कंपनी में काम करते थे। उनकी करीब सात माह पहले दो युवकों के साथ झगड़ा हो गया था। जिसको लेकर उसकी बहन व जीजा की तरफ से आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसकी दोनों रंजिश रखे हुए थे। उसे आज सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर दी है। वह मौके पर पहुंचे। जहां देखा कि उसकी बहन की तेजधार हथियार से गर्दन अलग कर रखी है। उसके शव को जानवरों ने खाया हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक वेदवीर ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### विवाहित 20 दिन की बच्ची सहित लापता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल से एक विवाहित महिला अपनी 20 दिन की बच्ची के साथ संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। पति दो दिन तक अपनी पत्नी व बच्ची की तलाश करता रहा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पति की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी रपट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बिहार के पटना में एक गांव का रहने वाला व्यक्ति अपनी पत्नी व बच्चों के साथ असंध में जींद रोड पर स्थित पर काम करके अपना गुजर बसर कर रहा था। 20 दिन पहले उसकी पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया था। शिकायतकर्ता पति ने बताया कि बीती 22 दिसंबर की सुबह करीब आठ बजे उसकी पत्नी अचान लापता हो गई। वह 20 दिन की बच्ची व अपने दस्तावेज भी साथ लेकर गई है। उसने किसी को कुछ भी नहीं बताया।

# झींवरहेड़ी और फुरलक पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## सुशासन वही जिसमें पात्र लोगों को उनका अधिकार मिले : हरविंद्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 26 वें दिन जिला के गांव झींवरहेड़ी और फुरलक पहुंची। झींवरहेड़ी में हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की अध्यक्ष निर्मल बैरागी और फुरलक में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस मौके पर बैरागी ने भाजपा सरकार को महिला, किसान, दलित और युवा हितैषी बताते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी। फुरलक में कल्याण ने कहा कि देश में सुशासन की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। सुशासन वही है, जिसमें पात्रों को उनका अधिकार मिले और उसे कोई दूसरा न छीन सके। झींवरहेड़ी में सरपंच सुषमा देवी ने निर्मल बैरागी और फुरलक में सरपंच जोगेंद्र जांगड़ा ने विधायक हरविंद्र कल्याण का स्वागत किया। सर्वप्रथम बैरागी और हरविंद्र कल्याण ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक बिजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। झींवरहेड़ी में भाजपा नेता सोहनलाल गुप्ता और फुरलक में सुदर्शन जुनेजा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि स्वशासन में जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ नहीं होती। सुशासन वही है, जिसमें गरीबों, युवाओं, किसानों, दिव्यांगों, महिलाओं आदि को उनके अधिकार प्राप्त हों और उन्हें इन अधिकारों को कोई दूसरा न छीन सके। इसीलिए भाजपा ने सत्ता में आते ही व्यवस्था परिवर्तन का काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि भाजपा राज से पहले भ्रष्टाचार और घोटालों के कारण विदेशों में भी भारत का सम्मान घटा था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने करीब साढ़े 9 साल में हर स्तर पर देश के सम्मान को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए रास्ते पर चलकर व्यवस्था को मजबूत किया है। हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन किया, जिसका फायदा समाज के सभी वर्गों को मिलना शुरू हो गया है।

## सुशासन दिवस लोगों के कल्याण और बेहतरी को बढ़ाने के लिए: रेनू



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** नगर निगम द्वारा स्थानीय अटल पार्क में सुशासन दिवस मनाया गया। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जिला उपाध्यक्ष प्रवीन लाठर, वार्ड 8 की पार्षद मेघा भंडारी, मंडल महामंत्री रमेश गिल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति तथा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने पार्क में मौजूद पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पंडित मदन मोहन मालवीय जी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस लोगों के कल्याण और बेहतरी को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य देश के नागरिकों को सरकार के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में बताना है। इसके साथ ही देश में सुशासन के मिशन को पूरा करने के लिए अच्छी और प्रभावी नीतियों को लागू करना है, ताकि प्रत्येक देशवासी को उनका लाभ दिया जा सके। उन्होंने बताया कि अटल जी ने ही देश में सुशासन की नींव डाली थी। सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सुशासन निरंतर आगे बढ़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने सुशासन के नए आयाम छुए थे। आज हमें इसी तरह के दृढ़ संकल्प लेने की जरुरत है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके। यदि हम समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सुविधाएं प्रदान करेंगे, तभी हमारा दायित्व पूरा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विकसित देश बनाने के साथ-साथ अंत्योदय का पालन भी कर रहे हैं। आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना, इन्द्र धनुष टीकाकरण योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व पीएम स्वनिधि जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं देश में चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन का कार्य किया है।

### जरूरतमंदों को विश्व मानव रूहानी केंद्र ने बांटे कंबल

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** विश्व मानव रूहानी केंद्र की ओर से रघुनाथपुरा स्थित खालड़ा वाले हनुमान मंदिर में करीब 84 जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रतिनिधि एवं मेघोत बिंजा के सरपंच मनोज कुमार यादव ने बताया कि विश्व मानव रूहानी केंद्र एक परोपकारी एवं आध्यात्मिक संस्था है।

## उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न विभागों से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिसमें जिला करनाल से कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह को फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन में सम्मानित किया गया यह भी एक कड़े परिश्रम का परिणाम है कि जिला करनाल इस बार खरीफ 2023 में जिले के उपायुक्त अनीश यादव व डॉ. वजीर सिंह के मार्गदर्शन में 59 प्रतिशत सक्रिय आगजनी की घटना को कम कर पाए। वर्ष 2021 में जिले में 951 सक्रिय आगजनी की घटना दर्ज की गई थी, जिनको विभाग व जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से वर्ष 2022 में 301 तक सक्रिय आगजनी को कम किया गया। इस वर्ष खरीफ 2023 में यही सक्रिय आगजनी की घटना केवल 126 ही दर्ज की गई। जिला में इस वर्ष आइओसीएल रिफाइनरी द्वारा स्थापित परली परली भंडार हेतु स्थापित डिपो जो कि गांव अमरपुर, ओंगद, जमालपुर, बंदराला, बाल जाटान में बनाए गए थे, पर कृषि विभाग के सहयोग से 100000 मीट्रिक टन पराली आइओसीएल को उपलब्ध करवाई गई।

## 'देश में रिकॉर्ड कायम करती जा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को झीमरी खेड़ा गांव मे जन संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान नजदीकी कौल खेड़ा गांव के लोगों ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी लेते हुए लाभ उठाया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि देशभर में वार्ड-वार्ड, गांव-गांव जा रही इस संकल्प यात्रा का आज तक 4.50 करोड़ लोगों ने स्वागत किया है। यह यात्रा अब तक देशभर में एक लाख पंचायतों तक पहुंच चुकी है व 3 करोड़ लोगो ने अब तक यात्रा के संकल्प की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाएगा इसको लेकर के हम सबको प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सभी नागरिकों के जीवन में सुगमता सुनिश्चित करने का कार्य कर रही है। सरकार हर घर का सपना पूरा करने में लोगो की हर संभव सहायता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल प्रयास से भारत निकट भविष्य में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने को लेकर सरकार ने 1500 महिलाओं को ड्रोन का प्रशिक्षण दिया है। इससे महिलाओं को जहां रोजगार के अवसर प्रदान होंगे, वहीं वह सरकार की इस योजना के साथ जुडकर आत्मनिर्भर भी होंगी। आने वाले समय में हर स्टेट में महिलाओं के लिए नमो दीदी प्रशिक्षण केंद्र खोले जायेंगे। उन्होंने कहा पहले किसी किसान का खेत का बिजली ट्रांसफार्म जल जाता था तो उसे 20 प्रतिशत राशि जमा करनी पड़ती थी, अब उसे घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया है। बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के कोने-कोने मे जाकर लोगों को सरकार की योजनाओ की जानकारी देकर उन्हे प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी व दुरगमी सोच का विदेशों में डंका बज रहा है। हम सब को विकसित भारत का संकल्प लेना है व उस पर कार्य करना है। गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उत्सव पूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां थी।

**योजना का लाभ**

8 विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी लेते हुए लाभ उठाया

### तैयारी: नागरिक अस्पताल में 24 बेड का आइसोलेशन वार्ड स्थापित

**सोनीपत:** जिले में कोरोना के नए वेरियंट जेएन-1 से निपटने के लिए जिल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल में 24 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। वहीं खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित गंभीर मरीजों की कोरोना जांच के लिए सैंपल लेने आरंभ कर दिए है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में स्थापित दोनों ऑक्सीजन प्लांट को चालू रखने के निर्देश दिए है। आइसोलेशन वार्ड में भर्ती होने वाले संक्रमितों के उपचार के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी। ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी न रह जाये। बता दें कि कोविड-19 संक्रमण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए 200 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) का ऑक्सीजन प्लांट लगाया था। इसके शुरू होने से रोजाना 40 सिलिंडर ऑक्सीजन का उत्पादन किया जाता है। इसके बाद कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत गुजरात की एलएंडटी कंपनी ने 1000 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया था। इस प्लांट के जरिए 200 सिलिंडर ऑक्सीजन का उत्पादन किया जाता है। जिला नागरिक अस्पताल ऑक्सीजन उत्पादन में आत्मनिर्भर है। अस्पताल प्रबंधन को बाजार से ऑक्सीजन सिलिंडर भरवाने की आवश्यकता नहीं होती। अस्पताल में स्थापित किया गया 24 बेड का वार्ड स्थापित- जिले में कोरोना का नया मरीज कोई नहीं मिला है। हालांकि कोरोना के नए वेरिएंट दस्तक के बाद विभाग ने सैंपलिंग बढ़ाने के आदेश स्थानीय अधिकारियों को दे दिए है, ताकि नए वेरिएंट से संक्रमित मरीजों की पहचान कर उनका इलाज किया जा सके और उसे ज्यादा लोगों में फैलने से रोका जा सके। इसके लिए जिला नागरिक अस्पताल में ऑक्सीजन बेड, वेंटिलेटर, दवा व टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### संत बाबा गुरविंद्र सिंह मांडी जी करेंगे 28 दिसंबर को गुरबानी



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के चार साहिबजादे व माता जी की शहीदी को याद करते हुए जीटी रोड़ उमरी स्थित 25 दिसम्बर को श्री अखंड पाठ रखा जाएगा ! जिस का भोग 28 दिसम्बर दिन वीरवार उपरांह 12 बजे पड़ेगा ! दशम पिता के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह व माता गुजरी कौर जी के शहीदी दिवस को समर्पित गुरमति समागम का आयोजन भी किया जाएगा । इस अवसर पर भोग उपरांत संत शिरोमणि संत बाबा गुरविंद्र सिंह जी मांडी गुरबाणी के इलाही कीर्तन से संगतों को निहाल करेंगे। यह जानकारी उदासीन ब्रह्म अखाड़ा मांडी साहिब के प्रवक्ता एस एस चटठा ने प्रदान की ! चटठा ने बताया कि गुरमति समागम के उपरांत सरबत के भले के लिए गुरू चरनों में अरदास की जाएगी तथा अंत में गुरू साहिब जी का अटूट लंगर बरताया जाएगा !

## मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा: रामकुमार



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव कलरा जागीर और धानोखेड़ी पहुंची। गांव में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की समस्याओं पर तुरंत एक्शन लें और उनका समाधान करना सुनिश्चित करें। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा ऐसे अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं, जो पूर्व की सरकारों ने सोचे भी नहीं थे। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोए। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा अन्न योजना चलाई गई है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना ऐसा काम है जिसकी पूरे देश को प्रतीक्षा थी। यह सब प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल। मोदी-मनोहर की ये जोड़ी नये आयाम स्थापित कर रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मपाल शांडिल्य ने दोनों गांवों में ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

विधायक ने लोगों से अपील की कि वे भारत को 2047 तक के विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचना है। आज सरकार आपके द्वार पहुंची है। बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड बनवाने में यदि कोई समस्या आ रही है तो उसका मौके पर निवारण कराया जा सकता है।

## 'योग आयोग 12 जनवरी से चलाएगा सूर्य नमस्कार अभियान'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा योग आयोग की बोर्ड मीटिंग होटल पर्ल मार्क, कुरुक्षेत्र में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ, संकल्पित एवं ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। आयोग की इस बोर्ड मीटिंग में ऑफिशियल और नॉन ऑफिशियल सदस्यों ने भाग लिया। आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल योगाचार्य, रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र व आयोग के सदस्यों के अतिरिक्त विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में ऐस.सी.ई.आर.टी. से सुनील बजाज, पुलिस विभाग से डी.एस.पी. कुरुक्षेत्र, खेल विश्वविद्यालय, राई, सोनीपत से योगेश सहित कुरुक्षेत्र की स्थानीय योग संस्थाओं के प्रतिनिधि इत्यादि भी उपस्थित हुए। बैठक में हरियाणा योग आयोग के आयुष विभाग में लम्बित कार्यों को लेकर चर्चा की गई एवं आयोग के अन्य कार्यों के एजेंडे पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योग आयोग की उपलब्धियों को दिखाया गया।वर्तमान में हरियाणा योग आयोग एवं अन्य सहयोगी योग संस्थाओं के सयुंक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में धर्म भूमि कुरुक्षेत्र में पावन ब्रह्म सरोवर के उत्तर पश्चिमी तट स्थित मेडिटेशन हॉल में आयोजित आठ दिवसीय ध्यान योग शिविर की विस्तृत जानकारी हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनीष कुकरेजा ने दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस आयोजन की सराहना की। चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि इस वर्ष आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। अतः ध्यान योग शिविर के साथ-साथ आयोग द्वारा ब्रह्म सरोवर तट पर स्टॉल नंबर 751-52 पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसका पर्यटकों व विद्यार्थियों ने भरपूर लाभ उठाया । उन्होंने आगे बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोग द्वारा 12 जनवरी से 12 फरवरी 2024 तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है । पिछले वर्ष आयोग द्वारा 75 लाख सूर्यनमस्कार करवाने का लक्ष्य रखा गया था और वास्तव में इस संख्या से 10 गुना से भी अधिक सूर्य नमस्कार प्रदेश वासियों द्वारा किए गए । यह एक रिकॉर्ड है । सूर्य नमस्कार प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए सर्वोत्तम आसन है । इसका अभ्यास प्रति दिन करना चाहिए । उन्होंने प्रदेश की सभी योग संस्थाओं, सरकारी व गैर सरकारी विभागों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों, शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों सहित आम जनता से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करके इस अभियान से अवश्य जुड़ें । बैठक का समापन धन्यवाद एवं शांति पाठ के साथ किया गया ।

## पूर्व सरपंच ने अधिकारियों से सांठगांठ कर हड़पे करीब 30 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के गांव गढ़पुर टापू के पूर्व सरपंच ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर धान की फसल का फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाकर सरकार से 29.41 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। सरपंच ने अपने भाई-भतीजों के नाम से फसल का रजिस्ट्रेशन करवा दिया। पूर्व सरपंच ने ग्राम सचिव, मंडी लेबर ठेकेदार, आढ़तियों और किसानों के साथ मिलीभगत करके फजीर्वाड़े को अंजाम दिया है। पोर्टल पर जिस शामलात जमीन का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है, वह विवादित जमीन है और उस पर सुप्रीम कोर्ट में केस भी चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक संबंधित जमीन का रजिस्ट्रेशन किया ही नहीं जा सकता। सीएम फ्लाइंग ने मामले की निष्पक्ष जांच की तो पाया कि कागजों में फसल पैदा हुई और कागजों में ही बिक गई। यह पूरा प्रकरण अधिकारियों से लेकर किसानों की मिलीभगत हुआ। लिहाजा गुप्तचर विभाग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्व सरपंच सुरेश कुमार इंद्री की नई अनाज मंडी में कमीशन एजेंट है। एजेंट ने ग्राम सचिव जितेंद्र वधवा से सेटिंग की और गढ़पुर टापू की शामलात भूमि खेवट 368-358 मुरब्बा नंबर 195,196,197, 200 व 201 का मेरी फसल मेरा ब्योरा पर फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाया।

ग्राम सचिव ने सुरेश को ओटीपी साझा किया और पूर्व सरपंच के भतीजे दिनेश कुमार, भतीजे अशोक कुमार, अपने भाई रामपाल व भतीजे की पत्नी पिंकी के मोबाइल नंबरों से रजिस्ट्रेशन करवाया गया। धान का सीजन शुरू और धान सत्र 2022 के दौरान इंद्री मंडी के सचिव, वेयर हाउस के इंस्पेक्टर, लेबर ठेकेदार व किसानों से सांठगांठ की गई।

## संपादकीय

# फिर बढ़ रही कोरोना की तेज रफ्तार

**देश में** एक बार फिर कोरोना दस्तक दे चुका है? लेकिन सच यही है कि कोरोना आने के बाद से ही कभी गया ही नहीं? हां, पाबंदियां हटती गईं और दबा संक्रमण धीरे-धीरे पसरता रहा और हम सब बेफिक्र रहे। देश हो या प्रदेश, जिले हों या नगर या गांव हों या पंचायतें लोग इतनी जल्दी उस दर्दनाक मंजर को भूल भी गए जो हफ्ते, महीने दिन नहीं पूरे दो साल तक दुनिया में तबाही मचाता रहा! वो वाकये भी याद नहीं रहे जो जिन्दगी भर का दर्द दे गए? शायद इसी गलती, चूक या लापरवाही का नतीजा है, जो कोरोना की डरावनी रफ्तार फिर उसी अंदाज में बेखौफ बढ़ती जा रही है।कोविड-19 द्वारा लोगों की जान को लीलना कभी थमा नहीं था। हां, कम या बीच में कुछ वक्त ब्रेक लगने का भ्रम जरूर था। अब दिसंबर आखिरी हफ्ते में आई तेजी ने जनवरी 2020 की याद दिला दी।

अभी गंभीर संक्रमण या अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा नहीं होने के कारण लोग हल्के से ले रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि नया वैरिएंट जेएन.1 धीरे-धीरे हावी होता जा रहा है जो अधिक संक्रमणीय होकर बहुत तेजी से फैल रहा है। इसके मुख्य लक्षण मुख्य रूप से बुखार के साथ लगातार या रुक-रुक कर हल्की-तेज खांसी, सांस लेने में तकलीफ या सांस नली में दिक्कत, थकान, मांसपेशियों और शरीर में दर्द के साथ ही सिरदर्द, गले में खराश, नाक बहना या बंद रहना है। ये लक्षण इतने आम होते हैं कि लोग जल्द समझ ही नहीं पाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को खुद को संक्रमित होने से बचना-बचाना होगा। विशेषज्ञों ने भी वरिष्ठ नागरिकों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी है।इस संक्रमण के ताजे रिसर्च ने सबको हैरान कर दिया है। नया वैरिएंट गले को बुरी तरह से प्रभावित करता है जिससे आवाज तक जा सकती है। यह बात भी सामने आई है कि इससे मौतों के बढ़ने के मामले और अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या में वैसी बढ़ोतरी नहीं हुई, जैसी कि डेल्टा वैरिएंट के वक्त थी। लेकिन अब इस संक्रमण से स्वाद और गंध के साथ आवाज जाने की संभावना चिकित्सक बता रहे हैं। 15 साल की एक बच्ची ने इस वायरस के चलते अपनी आवाज गंवा दी, जिसके बाद चिकित्सक काफी गंभीर हैं।

इस सच्चाई को स्वीकारना ही होगा कि बीते एक पखवाड़े में इससे भले ही चंद मौतें हुईं लेकिन ये चिंताजनक हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में 24 दिसंबर की सुबह तक 656 केस नए मामले मिले जबकि 23 दिसबंर को 752 मिले थे यह 21 मई, 2023 के बाद अब तक मिले सबसे अधिक हैं। इन मामलों के बाद देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामले 4 हजार के लगभग हो गए हैं। हालांकि पिछले 24 घंटों में केवल एक ही मौत हुई। इधर आंकड़े बताते हैं कि 20 नवंबर से 17 दिसंबर यानी 28 दिनों में विश्व में कोविड के 8.50 लाख से अधिक नए मामले सामने आए और इसी अवधि में इस संक्रमण से 3,000 से अधिक मरीजों की मौतें हुईं। वहीं 17 दिसंबर तक दुनिया भर में कोविड के 77 करोड़ 20 लाख से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी थी। वहीं लगभग 70 लाख मौतें भी दर्ज हो चुकी हैं। ताजे आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में 13 नवंबर से 10 दिसंबर के दौरान 1 लाख 18 हजार से अधिक ऐसे मामले सामने आए जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा तो 1,600 से अधिक को आईसीयू में दाखिल करना पड़ा।

# लाल सागर में हूती विद्रोही संकट



किशन सनमुखदास

> "वैश्विक शिपिंग यातायात का लगभग 12 फीसद आमतौर पर जलमार्ग से गुजरता है। ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के बाद, दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियां लाल सागर और स्वेज नहर से दूरी बना रही हैं। तो क्या हम एक और आपूर्ति श्रृंखला के संकट का सामना करने वाले हैं?शिपिंग कंपनियों की लागत आसमान छू रही है।उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि यह निर्णय पहले से ही शिपिंग माल की लागत को काफी प्रभावित करता है। ऐसे में यदि यह एक विस्तारित संकट बन जाता है, तो उपभोक्ताओं के लिए आयातित वस्तुओंकी कीमत और ज्यादा बढ़ सकतीहै। साथियों बात अगर हमविश्लेषकों के विचारों की करें तो आपूर्ति श्रृंखला आज ज्यादा मजबूत हैं हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं लगभग सामान्य हो गई हैं"

**वैश्विक स्**तरपर अनेक ऐसी घटनाएं होती है जिनका असर न केवल पूरी दुनियां के देशों और उनकी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि वहां के एक आम नागरिक पर भी पड़ता है। मसलन पिछले करीब 2 वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध से पेट्रोलियम व अन्य पदार्थों का असर आम नागरिकों पर पढ़ते दिखाई दिया है। परंतु अब फिर इसराइल-हमास युद्ध के चलते हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में भारत अमेरिका सहित अनेक देशों के वाणिज्य समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला कर तबाही मचाई जा रही है, जहां एक ओर सरकारी या निजी भरपूर नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर अनेक शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर से जाना बंद कर, लंबी फेरी लगाकर घूम कर आने के लिए बाध्य हो रहे हैं, जिसकी लॉजिस्टिक कास्ट बहुत हाई हो रही है जिससे खाद्य व पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने और हर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी संकट खड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि हूती विद्रोहियों द्वारा जारी हमले के कारण लाल सागर मार्ग से कारोबार करने वाली दुनियां की कई बड़ी शिपिंग फार्मो ने इस मार्ग पर अपने कारोबार रोक दिए हैं जिसके कारण पूरी दुनियां में यह पांच प्रभाव हो रहे हैं।(1) महंगाई बढ़ सकती है।(2) क्रूड ऑयल के दाम बढ़ रहे हैं। (3) ग्लोबल लेवल पर उथल-पुथल मच सकती है।(4) भारत के कोल इंपोर्टेड पर फर्क नहीं पड़ने की संभावना है। (5) अमेरिका ने हूती हमले का जवाब देने के लिए 20 देशों का गठबंधन बनाया है। चूंकि हूती विद्रोहियों ने भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियां की टेंशन बड़ाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक महंगाई व उथल पुथल रोकने तथा आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचाने वाले हूती विद्रोहियों पर नकेल कसना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर समुद्री जहाज पर ड्रोन से हमला करने की करें तो ईरान का समर्थन करने वाले हूती विद्रोहियों द्वारा यमन के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है जिसमें लाल सागर से जुड़ा पश्चिमी तट भी शामिल है। यहां से हूती विद्रोही हमास के समर्थन में हमले कर रहे हैं। हमले की जद में इजरायल के जहाजों सहित अमेरिका भारत सहित कुछ देशों के जहाज लपेटे में आ रहे हैं। दक्षिणी लाल सागर में एक ही दिन दो बड़े कारोबारी जहाजों पर ताबड़तोड़ ड्रोन अटैक करने के बाद हूती ने भारत और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों की टेंशन बढ़ा दी है। यूएस सेंट्रल कमांड ने 23 दिसंबर को एक बयान में कहा कि ईराम समर्थित हूती के कब्जे वाले यमन के क्षेत्रों से दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिप लेन में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी गईं। उसके बाद ड्रोन अटैक किया गया। हालांकि, इन हमलों से किसी भी जहाज के अधिक प्रभावित होने की सूचना नहीं है। यूएस आर्मी का कहना है कि 17 अक्तूबर के बाद अब तक हूती की तरफ से किसी कमर्शियल जहाज पर हमले की 15वीं घटना है।हूती आतंकियों ने लाल सागर और हिंद महासागर को जोड़ती बाब-अल मंदाब की खाड़ी में इंटरनेशनल और कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाया है। दक्षिण लाल सागर का यह हिस्सा कंटेनर, कार्गो और पैसेंजर शिप्स के लिए सबसे बेहतर रूट माना जाता है। भारत और यूरोप के बीच समुद्री व्यापार के लिए भी सबसे मुफीद रूट है।बाब-अल-मंदाब एक अरबी शब्द है। इसका मतलब आंसू का द्वार होता है। लाल सागर और स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर और हिंद महासागर को जोड़ने वाला समुद्री व्यापार मार्ग अरेबियन पेनिनसुला को अफ्रीका से अलग करती है। इसके बंद होने से यूरोप की ओर जाने वाले मालवाहक जहाजों को अफ्रीका के निचले सिरे पर स्थित केप ऑफ गुड होप होते हुए सफर करना होगा। भारत समेत पूरे एशिया के समुद्री व्यापार पर इसका बुरा असर होगा। इजरायल-हमास जंग के बाद इस समुद्री रास्ते पर कारोबारी जहाजों को लगातार निशाना बनाए जाने से चिंतित होकर अमेरिका ने ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, बहरीन और नॉर्वे सहित 20 देशों का एक नौसैनिक संगठन बनाया है. वहीं, भारतीय पीएम ने 19 दिसंबर को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू से फोन पर बातचीत की है।

साथियों बात अगर हम आपूर्ति श्रृंखला को बाधा पहुंचने की करें तो, पिछले हफ्ते, दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियों में से ज्यादातर ने कहा है कि वे यमन स्थित हूथी विद्रोहियों द्वारा इस्राएल-हमास युद्ध के दौरान मालवाहक जहाजों पर मिसाइलें दागने के बाद लाल सागर और स्वेज नहर से जाने से बचेंगे।इस वजह से, सुदूर पूर्व से यूरोप की ओर जाने वाले जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप के माध्यम से पूरे अफ्रीकी महाद्वीप का चक्कर लगाना होगा। यात्रा में एक सप्ताह से अधिक समय लगेगा और यह यात्रा करीब 3,500 समुद्री मील यानी करीब 6,482 किलोमीटर की होगी।स्वेज नहर, लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है और इसकी वजह से यह यूरोप और एशिया के बीच सबसे छोटा मार्ग है। वैश्विक शिपिंग यातायात का लगभग 12 फीसद आमतौर पर जलमार्ग से गुजरता है। ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के बाद, दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियां लाल सागर और स्वेज नहर से दूरी बना रही हैं। तो क्या हम एक और आपूर्ति श्रृंखला के संकट का सामना करने वाले हैं?शिपिंग कंपनियों की लागत आसमान छू रही है।उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि यह निर्णय पहले से ही शिपिंग माल की लागत को काफी प्रभावित करता है। ऐसे में यदि यह एक विस्तारित संकट बन जाता है, तो उपभोक्ताओं के लिए आयातित वस्तुओंकी कीमत और ज्यादा बढ़ सकतीहै।

साथियों बात अगर हमविश्लेषकों के विचारों की करें तो आपूर्ति श्रृंखला आज ज्यादा मजबूत हैं।हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं लगभग सामान्य हो गई हैं, लेकिन लाल सागर में सुरक्षा खतरे के कारण अगले कुछ हफ्तों में कीमतें दोगुनी हो सकती हैं। पिछले महीने पनामा नहर में सूखे के कारण अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले जलमार्ग पर चलने वाले जहाजों की संख्या पर अंकुश लग गया जिसके बाद वैश्विक माल ढुलाई की दरें पहले से ही बढ़ने लगी थीं।सौभाग्य से, शिपिंग उद्योग ने कोविड आपूर्ति श्रृंखला संकट के बाद से सबक सीखा है और कई कंपनियों ने अपने मालवाहक जहाजों के बेड़े का विस्तार किया है, जिसका मतलब है कि लाल सागर के किसी भी स्थायी मार्ग परिवर्तन का प्रभाव उतना विनाशकारी नहीं होगा। फिलहाल हमारे पास क्षमता से अधिक कंटेनर जहाज हैं, इसलिए सबसे खराब स्थिति में भी जहां हमें कुछ समय के लिए अफ्रीका के आसपास जाना जारी रखना है, हमारे पास ऐसा करने के लिए दुनिया भर में कंटेनर जहाज हैं।अमेरिका ने लाल सागर में समुद्री वाणिज्य की सुरक्षा के लिए एक बहु-राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है। सुरक्षा के उपाय के तरीके के रूप में, ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा फ्रांस, इटली, नीदरलैंड्स, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में संयुक्त रूप से गश्त करेंगे।क्षेत्र में अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धपोतों ने हाल के दिनों में हूथी मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराना शुरू कर दिया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि बड़े नौसैनिक बल की मौजूदगी हमलों को पूरी तरह से रोकने के लिए पर्याप्त होगी या नहीं। हालांकि, कुछ जहाज सशस्त्र गार्डों के साथ लाल सागर में आवाजाही जारी रखे हुए हैं, ताकि अगर उनके जहाजों पर हूथी विद्रोही सवार हो जाते हैं तो उनसे निपटा जा सके हूती विद्रोहियों ने जोर देकर कहा था कि अमेरिका के नेतृत्व वाला सुरक्षा अभियान उन्हें रोक नहीं पाएगा। मौजूदा संकट ज्यादा मुश्किल है क्योंकि हूती विद्रोहियों को जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करने से रोकने के लिए क्या करना होगा यह नहीं पता है।



## कविता

### जिंदगी के हर पल

जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,
जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।

ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,
बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।

अच्छी नियत साफ इरादे रखिए जनाब,
आस्तीन के सांप कभी वफादार नहीं होते ।

गर नमक खाया वतन का तो अदा कर ,
नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं होते।

जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत कर,
उठे हुए हर हाथ मददगार नहीं होते '

इस चकाचौंध से फिसल मत जाना संजीव,
सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं होते'

संजीव
---------

# बच्चे "जन्मजात संगीतमय" होते हैं

**विजय गर्ग**

**संगीत बच्चे के** संज्ञानात्मक विकास में बहुत योगदान देता है और यह गर्भ में ही शुरू हो जाता है। जन्म से पहले, बच्चा (गर्भ के बीसवें सप्ताह में) दिल की धड़कन, सांस लेने की लय, माँ की आवाज जैसी आवाजें सुन सकता है और साथ ही इन उत्तेजनाओं का जवाब हिलने या लात मारने से दे सकता है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि बच्चे "जन्मजात संगीतमय" होते हैं, क्योंकि उनमें अपनी माँ के गर्भ के अंदर से आने वाले ध्वनि अनुभवों के कारण विभिन्न शोरों को पहचानने की श्रवण क्षमता होती है। ब्राजीलियाई नवजात नर्स रेबेका बतिस्ता दा सिल्वा के अनुसार, जो बच्चा गर्भावस्था के दौरान क्रमबद्ध और क्रमबद्ध तरीके से संगीत सुनता है, वह स्तनपान करने में बेहतर होता है, अधिक सोता है और कम रोता है, क्योंकि उसने संगीत के माध्यम से अपनी माँ के साथ सकारात्मक भावनात्मक संबंध बनाए हैं। . सिल्वा यह भी बताते हैं कि नवजात शिशु ध्वनि उत्पादन के प्रति बहुत चौकस होता है, खासकर सातवें या आठवें महीने की उम्र से, वह इसे स्वैच्छिक मुंह की गतिविधियों के साथ समन्वयित करता है, और अपनी मां द्वारा उत्तेजित किए जाने पर ध्वनियों को संशोधित और व्यवस्थित करता है। मानव मस्तिष्क एक ऐसा अंग है जो संगीत के माध्यम से विकसित और बेहतर होता है। संगीत की उपस्थिति बच्चे की बोलने की मांसपेशियों को मजबूत करने में योगदान देती है, क्योंकि वह बड़बड़ाता है और अपनी पहली ध्वनि शुरू करता है। ये प्रथम ध्वनि कौशल मोटर विकास में भी योगदान देते हैं क्योंकि वे गीत की लय के साथ चलते हैं। संगीतमयता बच्चों का ध्यान आकर्षित करती है और माता-पिता और बच्चों के बीच बंधन को मजबूत करती है, क्योंकि यह उनके मस्तिष्क में ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन का उत्पादन करती है, जो आत्मविश्वास और स्नेह की भावनाओं के लिए जिम्मेदार है। इस प्रभाव के तहत, संगीत संबंधों का पोषण करता है और सहानुभूति और माता-पिता के लगाव को विकसित करता है। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, संगीत उसे भाषा विकास जैसे अधिक जटिल कौशल के लिए तैयार करता है। संगीतमय ध्वनियाँ बच्चे को श्रवण भेदभाव, संवेदी अभिव्यक्ति, नए शब्द सीखने और शब्दावली के विस्तार में सहायता करती हैं। माता-पिता अपने बच्चों की जिज्ञासा का लाभ उठा सकते हैं और उन्हें विभिन्न संगीत लय से परिचित करा सकते हैं, जिससे उनके मोटर विकास को बढ़ावा मिलता है क्योंकि वे नृत्य करते हैं और एक साथ चलते हैं। एक गीत सुनने पर, ध्वनि तरंगों को श्रवण प्रणाली द्वारा उठाया जाता है, विद्युत आवेगों में परिवर्तित किया जाता है, और मस्तिष्क द्वारा (मुख्य रूप से) उन क्षेत्रों में व्याख्या की जाती है जहां भावनाएं संसाधित होती हैं। इसके अलावा, संगीत सुनने से तनाव दूर होता है।

## विचार

# पीड़ित पहलवानों के बढ़ते विरोध के चलते खेल मंत्रालय एक्शन में नहीं आया

**अशोक भाटिया**

जबसे संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंग के लिए हुए चुनाव में जीत मिली और उनका अध्यक्ष बनना तय हुआ, तब से ही पीड़ित पहलवानों ने इस पर आपत्ति जताई थी। पहलवानों का कहना था कि संजय सिंह भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं और ऐसे में डब्ल्यूएफआई में किसी भी तरह के सुधार की उम्मीद नजर नहीं आती है। हालांकि, कुश्ती महासंघ की मान्यता को और संजय सिंह को जिस वजह से सस्पेंड किया गया है, वो बिल्कुल ही अलग मामला है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ की नई संस्था की मान्यता रद्द कर दी है। केंद्रीय खेल मंत्रालय का कहना है कि कुश्ती महासंघ पर ये कार्रवाई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करने की 'जल्दबाजी' को लेकर हुई है। मंत्रालय ने हत्रक्ष के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह को भी सस्पेंड कर दिया है। संजय सिंह को भाजपा सांसद और पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का करीबी बताया जाता है। उन्हें भी अब सस्पेंड कर दिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर को ऐलान कर दिया कि जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इस साल के अंत से पहले शुरू हो जाएंगी। मगर ये नियमों के खिलाफ है, क्योंकि प्रतियोगिता शुरू करने के लिए कम से कम 15 दिन के का नोटिस देना होता है, ताकि पहलवान तैयारी कर सकें। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि नई संस्था पूरी तरह से पुराने पदाधिकारियों के कंट्रोल में दिखाई पड़ता है, जिन पर पहले ही यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। प्रेस रिलीज में आगे कहा गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित संस्था खेल संहिता की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के कब्जे में है। कुश्ती महासंघ का काम पुराने पदाधिकारियों के परिसरों से चल रहा है। इसमें वे परिसर भी शामिल हैं, जहां महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न होने की बात कही गई है।

वर्तमान में अदालत में भी इस मामले की सुनवाई चल रही है । दूसरी ओर डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह गुट का दावा है कि साल 2023 के खत्म होने में महज चंद दिन बाकी हैं। अगर ये अंडर 15 और अंडर 20 रेसलिंग नेशनल्स इस साल आयोजित नहीं होता और ये कैलेंडर साल खत्म हो जाता तो कई पहलवान ओवर एज हो जाते और वो इस टूनामेंट में भाग नहीं ले पाते। ऐसे में कुश्ती की भलाई के लिए और युवा पहलवानों का भविष्य बरबाद न हो इसलिए जल्दी फैसला लिया गया। अगर नए पदाधिकारी ये त्वरित फैसला ना लेते तो कई युवा पहलवान 11 महीनों से रुकी पड़ी सभी गतिविधियों की वजह से इसमें भाग नहीं ले पाते। चूंकि नंदनी नगर गोंडा में स्टेडियम और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हैं, इसलिए ही इतनी जल्दी में वहां पर इतना बड़ा आयोजन कराना हत्रक्ष के लिए संभव था। सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की तरफ से सभी गतिविधियों पर रोक लगाने के पीछे जो वजह बताई गई है, उसके लिए भी नए पदाधिकारियों के पास प्रतिउत्तर तैयार है। इधर संजय सिंह ने कहा है कि उन्हें अभी डिटेल्स नहीं मालूम हैं, लेकिन हमारा कोई फैसला नियम के खिलाफ नहीं है। गौरतलब है कि ओलंपिक पदक विजेता और बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने शनिवार को ट्वीट कर कहा था कि मैंने भले ही कुश्ती छोड़ दी है, मगर मैं कल रात से ही काफी परेशान हूं। जूनियर महिला पहलवान मुझे बता रही हैं कि दीदी इस 28 तारीख को जूनियर नेशनल होने हैं और वो नई कुश्ती फेडरेशन ने नंदनी नगर गोंडा में करवाने का फैसला किया है। साक्षी ने आगे कहा कि गोंडा बृजभूषण का इलाका है। आप सोचिए कि जूनियर महिला पहलवान किस माहौल में कुश्ती लड़ने वहां जाएंगी। क्या इस देश में नंदनी नगर के अलावा क्या कहीं पर भी नेशनल करवाने की जगह नहीं है। समझ नहीं आ रहा कि क्या करूं। साक्षी के अलावा बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट जैसी महिला पहलवानों ने भी बृजभूषण सिंह पर सवाल उठाए थे ।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भूत विश्वविद्यालय की रिपोर्ट

**रामविलास जांगिड़**

भूत विश्वविद्यालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट हवा में उछाल दी है। बताया कि पुराने भूत बहुत भोले होते थे। वे खंडहर, टूटी हवेली, नई कोठी, श्मशान घाट अथवा सड़क किनारे अंधे कुएं में रहते थे। नए भूत किसी विश्वविद्यालय, कोचिंग सेंटर, ऑफिस, सचिवालय आदि में घूमते नजर आते हैं। पुराने भूत किसी पेड़ की डाली पर उल्टे लटके रहते थे। वे हर किसी को दिखते तक नहीं थे। बेचारों के पास रहने को ढंग की कोई जगह भी नहीं थी! अभी वाले भूत मंडल, निकाय, बोर्ड, अकादमी, निगम, आयोग आदि के अध्यक्ष बनकर शासन सचिवालय को अपने कंधों पर उल्टा लटकाए रखते हैं। पुराने भूतों के पास कुछ नहीं हुआ करता था। वे बेचारे कंगले गरीब टाइप के भूत हुआ करते थे। जब उनको भगाया जाता, तो उनके पास सिवाय लंगोटी के कुछ नहीं हुआ करता था। इसलिए कहा जाता कि भागते भूत की लंगोटी ही सही। लेकिन आजकल के भूत भगाने वाले की लंगोटी तक खुलवा डालते हैं। पुराने भूत डर के मारे भाग जाया करते थे, लेकिन ये नये भूत डराने के लिए कई तरह की यात्राएं निकालते हैं। नए भूत जाति, धर्म, संप्रदाय आदि के सींगों से पब्लिक को खदेड़ रहे हैं। पहले की भूत बिरादरी बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करती थी। भूत शास्त्र के नियमों पर चलती थी। किसी के रास्ते चलने पर कोई भी भूत कुछ भी नहीं कहता था। अभी वाले भूत सही रास्ते चलने वाले की अकल ठिकाने लगा देते हैं। ये न केवल उसे मारते-पीटते बल्कि उसका मर्डर भी कर देते हैं। कुर्सी की ताकत वाले भूत तो सबसे खतरनाक दिखाई दे रहे हैं। कुर्सी के बल पर ये चांद तारे सूरज को भी गायब करने की हिम्मत रखते हैं। भूत शास्त्र में कहा गया है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। लेकिन अब मामला बिल्कुल उल्टा हो गया है। आजकल लातों के भूतों को बातों से ही मनाना पड़ता है। लात लगाने से काम नहीं बनता है। इसलिए बातें ही की जाती है। बात करने पर ही अच्छे-अच्छे भूत सीधे होते नजर आए हैं। बातों की कलाकारी को कूटनीति कहा जाता है। घर से लेकर विदेश नीति सब जगह यही नीति पसरी है। यही कूटनीति झूठनीति का मूल आधार होती है। सबसे ज्यादा खतरनाक घर का भूत होता है। घर के भूत को सब कुछ अता-पता रहता है। घर का भूत बीस पीढ़ी के नाम, पते, ठिकाने दे देता है। इसलिए भूतिया शास्त्रों में घर के भूत से डरने की सलाह दी है। कहा गया है कि हर घर में कोई न कोई औरत होनी ही चाहिए।

# छेड़ने की गुस्ताखी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**दो दिन से** एक दाढ़ी वाले बाबा भीड़-भाड़ वाले चौरस्ते पर सब्जी बेच रहे थे। हरकारा लगाते हुए कह रहे थे झ मूली लेलो, गाजर ले लो। सस्ते-सस्ते दामों पर, मनचाही सब्जी ले लो। हम कुछ लोगों ने उनसे कहा, बाबा आपके बारे में शिकायतें आ रही हैं। सुना है आप अपने आस-पड़ोस के खेतों से सब्जी चुरा ले आते है और औने-पौने दामों में बेचते हैं। ऐसा करते आपको शर्म नहीं आती। बाबा नितांत स्वर में बोले, शर्म? काहे का शर्म? किससे शर्म? और आखिर क्यों करूँ शर्म? चलो एक पल भर के लिए मान भी लिया जाए कि मैं चोरी की हुई सब्जी बेचता हूँ इसका कोई प्रमाण है तुम्हारे पास? नहीं न। पहली बात तो यह कि बिना प्रमाण के किसी पर निराधार आरोप लगाना शोभा नहीं देता। मैं सब्जी औने दाम में बेचूँ या फिर पौने दाम में। इससे तुम्हें क्यों खुजली मची है? चाहे कुर्सी प्रधानमंत्री की हो या फिर इस गंदे से चौरस्ते पर बैठने के लिए थोड़ी सी जगह की, दोनों बड़ी मुश्किल से मिलते हैं। इतिहास गवाह है बेटा थोड़ी सी जगह पाने के चक्कर में दुनियाभर के लोग अपनी दुनिया लुटा देते हैं। इस पर भी न तो जगह मिलती है और न ही दुनिया। दोनों से ठन-ठन गोपाल होकर इस दुनिया से निकल पड़ते हैं। कोई संन्यासी बनकर कुर्सी पर बैठा है तो कोई घर-संसार। कोई हजार चूहे खाकर तो कोई अपनों को डुबोकर। बेटा इच्छाओं को पालने से कुछ नहीं होता। होता है तो उसके लिए तीन-पाँच करने से। इस चौरस्ते पर इतनी छोटी सी जगह पाने के लिए मैं कितने लोगों को कितना रुपया देता हूँ तुम्हें क्या पता? मेरे जैसे लोगों के दिए हुए रुपए से यहाँ का फलाना नेता गुंडे पालता है। उन्हीं के बल पर जमीन हड़पने का पावन धंधा करता है। अपनी कमाई का हिस्सा अपने से बड़े नेता को देता है। बड़े नेता यही धंधा बृहत स्तर पर करता है और अपने पद के मुताबिक शोभा बढ़ाता है। धीरे-धीरे यह हड़पने की घुट्टी केंचुए को साँप और साँप को अजगर बना देता है। बेटा यह सिलसिला वामन अवतार की तरह होता है। पहले दिखने में छोटा और आगे चलकर बड़ा बन जाता है। बाबा की बातें सुन हम शर्म से पानी-पानी होकर लौटने ही वाले थे कि उन्होंने हमें रोक लिया। लगा कि हमारे बेशर्म होने का कोटा अभी बाकी था।

## न्यूज फ्लैश

### जिप की चेयरपर्सन कवंलजीत कौर गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर हुई उत्साहित



**टीम एक्शन इंडिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला परिषद की चेयरपर्सन कवंलजीत कौर देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर काफी उत्साहित है। गृहमंत्री से मुलाकात करने बाद कवंलजीत कौर ने बताया कि देश के गृहमंत्री से उनकी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान हुई मुलाकात ने उनके अंदर एक ऊर्जा भरने का काम किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें अपनी बेटी की तरह मुलाकात के दौरान जो सम्मान दिया है वह कभी नहीं भूल पाएगी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह हमेशा बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए काम करते हैं और उनकी अगुवाई में देश के अंदर बेटियों की सुरक्षा के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। अमित शाह ने गृहमंत्री होने के नाते हमेशा महिलाओं की सुरक्षा का जो खास ध्यान रखा है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात के दौरान प्रदेश के सीएम मनोहर लाल और स्थानीय विधायक सुभाष सुधा भी मौजूद रहे जिन्होंने इस मुलाकात के दौरान गृहमंत्री अमित शाह को उनके बारे में संक्षेप में जानकारी दी और बताया कि जिला परिषद की चेयरपर्सन होने के नाते कवंलजीत कौर हमेशा समाज के कार्यों के प्रति अत्याधिक संवेदनशील रहती है और जब से कवंलजीत कौर ने जिला परिषद के चेयरपर्सन का कार्य भार संभाला है उसके बाद जिले के विकास कार्यों में अत्याधिक तेजी आई है।

### किडजी, किड्स प्लेनेट स्कूल ने 13वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** किडजी, किड्स प्लेनेट स्कूल सेक्टर :3 कुरुक्षेत्र में आज अपना 13 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम वह हर्षोल्लास से मनाया गया । विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने स्टाफ के सभी सदस्यों के साथ केक काटकर इस खुशी को सांझा किया। विद्यालय की सहसंचालिका सुनीता रानी और ज्योति खनेजा द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया। सीनियर कोर्डिनेटर मेघा धमीजा ने बताया कि विद्यालय का स्थापना दिवस हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण अवसर है ।स्कूल की स्थापना इसकी शुरूआत का प्रतीक है। यह उत्सव चिंतन और कृतज्ञता का दिन है। स्कूल के निर्देशक परमिंदर सिंह बाठ ने बताया कि स्कूल समुदाय अपने समृद्ध, इतिहास, उपलब्धियों और शिक्षा के योगदान का सम्मान करने के लिए हमेशा आगे रहता है। हमारा विद्यालय विद्यालय ही नहीं एक ऐसी संस्कारशाला है, जहां लक्ष्य प्राप्ति के लिए पदाधिकारी ,शिक्षक, कर्मचारी व छात्र तत्पर रहते हैं ।कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने विचार व्यक्त किए और स्टाफ ने मिलकर विद्यालय को स्मृति चिन्ह के रूप में गिटार सप्रेम भेंट किया।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एडीसी अखिल पिलानी व एसपी सुरेंद्र भौरिया ने लिया तैयारियों का जायजा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 26 दिसंबर को कुरुक्षेत्र का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को सुबह 11 बजे गुरुद्वारा छटी पातशाही कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है और इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। एडीसी अखिल पिलानी व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुरुद्वारा छटी पातशाही का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधों का जायजा लिया। इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता कवंलजीत सिंह अजराना, बीबी करतार कौर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 'सुशासन से अभिप्राय ऐसा शासन जहां लोगों को योजनाओं का लाभ पूरी पादर्शिता से मिले'

## विधायक बड़ौली ने महान क्रांतिकारी पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व पीएम वाजपेयी को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अकबरपुर बारोटा व बिंधरौली में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि आज हमारे देश की दो महान विभूतियों की जयंती है और हम सब मिलकर महान क्रांतिकारी पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हैं कि आज उनकी बदौलत ही विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विधायक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सुशासन से अभिप्राय ऐसा शासन जहां लोगों को सरकार योजनाओं का लाभ पूरी पादर्शिता और आसानी के साथ शत प्रतिशत मिले। इसी सोच पर आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की जो केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक उनके घर द्वार पर ही पहुंचा रही है।



**याद किया**

**8 पीएम ने 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है**

इस मौके पर राई ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रदीप, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, एसईपीओ सुरेन्द्र सिंगला, जिला पार्षद राकेश नाथूपुर, डा. सुनील कटारिया, कृष्ण नांगल, विनोद, संजय चौहान, गांव बिंधरौली के सरपंच बबलु सहित अनेक विभागों के अधिकारी व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधायक ने लाभार्थियों से किया सीधा संवाद



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर केन्द्र** व प्रदेश सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को गांव गढ़ी कलां व गढ़ी गुलामा में पहुंची, जहां विधायक निर्मल चौधरी व ग्रामीणों ने विकसित भारत यात्रा का स्वागत किया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले विधायक निर्मल चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

विधायक निर्मल चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने कभी भी देश का सिर नहीं झुकने दिया चाहे इसके लिए उन्हे कोई भी बलिदान देना पड़ा। उन्होंने हमेशा देशहित को प्राथमिकता दी। विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किए आयुष्मान कार्ड व उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेण्डर तथा गैस चूल्हे वितरित किए। विधायक निर्मल चौधरी ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।

### हत्या की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत एंटी** नारकॉटिक सैल सोनीपत की टीम ने हत्या की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमेर निवासी खेवड़ा हालत मे पटेल नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव करेवड़ी निवासी सुदेश ने 20 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका बेटा सोनू गत 23 नवंबर को अपनी मोटरसाइकिल को लेकर घर से गया था। वापिस नहीं आया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं महिला ने 22 दिसंबर को फिर से पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके बेटा सोनू घर से सुमेर से मिलने गया था। सुमेर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एंटी नारकॉटिक सैल सोनीपत टीम ने कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

### 25 अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**सुशासन** दिवस के अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, सामान्य अस्पताल से डॉ. पवन कुमार, गर्वमेंट सी. सैकेण्डी स्कूल सिठाना की प्रधानाचार्य मिनाक्षी शर्मा, एसडीएओ देवेन्द्र सिंह, इसराना से पटवारी विकास लोचब, पटवारी जोगिन्द्र, स्टैनो अमृतपाल, पटवारी संजीव कुमार, क्रिड से मोनिका, जुनियर इंजनियर अजय छौक्कर, क्लर्क नरेन्द्र भोरिया, जुनियर प्रोग्रामर कमल कुमारी, पटवारी सत्यनारायण, एसडीई हरविन्द्र शर्मा, एसआई रणबीर सिंह, एएसआई जोगिन्द्र सिंह, एएसआई बलेन्द्र सिंह, जुनियर प्रोग्रामर सौरभ, लाईनमैन जगबीर सिंह, यूडीसी संदीप, क्लर्क रोमित, क्लर्क सोनू, क्लर्क दीपक, स्टैनो संदीप कुण्डु व ऊषा रानी को सम्मानित किया गया।



जिले में 1098 मोबाईल किए जाएंगे आंगनबाड़ी वर्करों को वितरित सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पंचकूला के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से आंगनबाड़ी वर्करों को मोबाइल वितरित करने की योजना की शुरूवात की ताकि उन्हें कम करने में आसानी हों।

इसी कड़ी में पानीपत जिले में भी आंगनबाड़ी वर्करों एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी से जुड़ी ऊपर की अधिकारियों को भी मोबाइल वितरित किये जायेंगे, इस योजना के तहत पानीपत जिले में कुल 1098 मोबाईल वितरित किये जायेंगे। सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार को सांकेतिक रूप से बापौली सीडीपीओ लक्ष्मी, इसराना सीडीपीओ पुष्पा रानी, समालखा सीडीपीओ रजनी दत्ता, सुपरवाईजर मन्जू, मोहिनी, रीना, सुशीला पूनम नानी, पंकज, व अमित को मोबाईल वितरित किए गए।

**सम्मान**

**8 बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी से जुड़ी ऊपर की अधिकारियों को भी मोबाइल वितरित किये जायेंगे**

### पूर्व पीएम वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन भारत को मजबूत एवं विकसित करने में लगाया : देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शहर के** अनूप नगर स्थित शिव मंदिर में सोमवार को तुलसी पूजन के साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया। उसके उपरांत पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर कादियान ने माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन भारत को मजबूत एवं विकसित करने में लगाया। उनकी देश सेवा सब के लिए प्रेरणा है। उन्हीं के कारण उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। कादियान ने कहा कि तुलसी के पौधे की पूजा करने से हमारे आसपास का वातावरण शांत रहता है।



### बिजली निगम का 25 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाहरी में बिजली निगम द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर चोरी होने का मामला सामने आया है। निगम के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। बिजली निगम में कार्यरत अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग की तरफ से गांव नाहरी मे 25 केवी का ट्रांसफार्मर लग रखा है। जिसके गत 15 दिसंबर को चोरी कर लिया। निगम अधिकारियों की तरफ से अपने स्तर पर सामान की तलाश की।

### जिला स्तर पर आयोजित हुआ पूर्व पीएम बाजपेई का जन्मदिवस समारोह



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
अटल बिहारी वाजपेई ने सुशासन तथा सुचिता के अनछुए आयाम स्थापित किए। उन्होंने ये नियम बनाया की संसद तथा विधान सभा के सदस्यों का 15 प्रतिशत सदस्य ही मंत्री मंडल में शामिल हो सकते है। विदित रहे की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है। सर्व प्रथम डा अर्चना गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ अटल के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की अटल बिहारी बाजपेई ने सैनिकों का सम्मान बढ़ाया। बलिदानी सैनिकों का संस्कार पूरे सम्मान के साथ की जाती है ये अटल की वजह से संभव हुआ ।
बलिदानी सैनिकों के परिवारों को रसोई गैस एजेंसी तथा पेट्रोल पंप तक आवंटित किए।
जन जाति के विकास के लिए आयोग का गठन व अलग विभाग का गठन किया। अटल ने दूरसंचार में क्रांति ला दी थी। मंडल अध्यक्ष शिव कुमार सरपंच ने पुष्प गुच्छ दे कर ज़िला अध्यक्ष का स्वागत किया। गांव में पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री राम भटेरी में ग्रामीण के साथ माला पहनाकर डा अर्चना गुप्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री किसान मोर्चा एवम कार्यक्रम संयोजक ऋषिपाल रावल ने किया। कार्यक्रम को पूर्व चेयरमैन हरियाणा सरकार रघुनाथ कश्यप तथा जिला भाजपा मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रयास रावल,रविंद्र पांचाल,रविंद्र भलौर, पीतांबर रावल, बिट्टू ताजपुर,जितेंद्र मिर्जा आदि मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने बताया की पूरे जिले में सभी मंडलों में अटल बिहारी वाजपेई को उनके जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर याद किया।

### पौधारोपण के साथ हुआ एन.एस.एस. शिविर का समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का आज भव्य समापन हुआ। प्रख्यात काउंसलर डॉ. सी. आर. ड्रोलिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारे और उन्होंने सभी वालंटियर्स को एन.एस.एस. शिविर में सिखाई गई सभी एक्टिविटीज को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन पौधारोपण के साथ हुआ, मुख्य अतिथि डॉ. ड्रोलिया सहित गुरुकुल के निदेशक, प्राचार्य एवं शिविर संयोजक द्वारा एन.एस.एस. वालंटियर्स के सहयोग से गुरुकुल परिसर में नीम के पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, डीपीई देवी दयाल सहित शिविर संयोजक नवदीप मान मौजूद रहे। डॉ. ड्रोलिया ने कहा कि हर जरूरमंद को मदद पहुंचाने वाला ही सच्चा वालंटियर होता है। एन.एस.एस. शिविरों की सार्थकता तभी है जब एक-एक वालंटियर इसके उद्देश्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए मुसीबत में फंसे लोगों की यथासंभव सहायता करें। कहीं सड़क हादसा हो जाए तो दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पताल पहुंचाए। पर्यावरण की रक्षा हेतु पेड़े-पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. शिविरों में छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर अधिक बल इसीलिए दिया जाता है ताकि उनके अन्दर मानवीय जीवन-मूल्यों का निवेश हो और वे समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. कार्यकर्ता दूसरों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है, जो एन.एस.एस. का ध्येय वाक्य भी है। अन्त में एन.एस.एस. वालंटियर्स द्वारा अतिथियों का स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

### जनता विद्या भवन बुटाना को यूनिवसिर्टी बनाने की प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया /गोहाना (भंवर सिंह)**
बरोदा हलके के गांव बुटाना में स्थित शिक्षण संस्थान जनता विद्या भवन बुटाना को विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए सरकार ने दीनबंधु चौधरी छोटूराम साइंस एंड टेक्रोलॉजी यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत को ओएसडी (स्पेशल ओफीसर ड्यूटी) लगाया है। उन्होंने 23 दिसंबर को टेक ओवर (अपने अधीन करना) करने के लिए कार्यभार संभाल लिया है। संस्थान को स्टेट यूनिवर्सिटी को दर्जा बनाया जाएगा। काफी लंबे समय से संस्थान को यूनिवर्सिटी बनाने की मांग की जा रही थी। ताकि बरोदा हलके के विकास को गति दी जा सके और ग्रामीण लोगों को फायदा हो सके।



संस्थान के कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष डा. रविंद्र सांगवान अनुसार संस्थान को 23 दिसंबर 2023 को प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। संस्थान को टेक ओवर करने के बाद सरकार अगली प्रकिर्या शुरू करेगी। संस्थान को यूनिवर्सिटी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। प्रस्ताव को विधानसभा में प्रस्तावित किया जाएगा।

### 'हर किसी को हक मिले तो माना जाएगा कि देश विकसित हुआ है'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**करनाल लोकसभा** क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया ने कहा है कि 2047 तक भारत सबसे ताकतवर देश बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह सोच है। इसी सोच के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई। विकसित होने का मतलब केवल आर्थिक उन्नित नही बल्कि हर किसी को हक मिले तो माना जाएगा कि देश विकसित हुआ है। यह बात उन्होंने सुशासन दिवस के अवसर पर जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी रहती है वे योजनाओं का लाभ किसे दे रहे हैं और किसे नही दे रहे हैं, दोनों तरह की जिम्मेदारी उन्हीं की है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम लोगों की सेवा के लिए संवेदनशील हों। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि आज हम सुशासन दिवस के अवसर पर यहां एकत्रित हैं। ऐसे में हम सभी प्रण लें कि हम लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है। वे ऐसे निडर और देशभक्त प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने विश्व की किसी भी शक्ति का दबाव ना मानते हुए पोखरण में प्रमाणु परिक्षण कर भारत की समप्रभुता और गौरव को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने दिखा दिया कि भारत किसी के दबाव में नही रहेगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर ईमानदारी से स्वच्छ प्रशासन देना इस सोच को साकार करते हुए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मनोहरलाल प्रदेश में समान रूप से विकास करवा रहे हैं। भ्रष्टद्दाचार को समाप्त करने के लिए ई-टैण्डरिंग की व्यवस्था को लागू किया गया है। इससे पहले मनमाने तरीके से लोगों को टैण्डर दिए जाते थे। अब ऐसा करना सम्भव नही है। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते भारत ने कारगिल युद्ध में विजय पाई। इतना ही नहीं वाजपेयी जी ने सैनिकों के सम्मान के लिए उनके पार्थिव शरीर को अंत्येष्ठिद्द के लिए सैनिकों के घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था करने का बड़ा कार्य किया।



सुशासन दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि हम सब सरकारी कर्मचारी अधिकारी पब्लिक सर्वेंट हैं। लोगों का भला करें, ईमानदारी और संयम से काम करें। सरकार की नीतियों का लोगों तक पंहुचाने और पात्र लोगों को लाभ पंहुचाने का हमारा दायित्व है। इस दायित्व का निर्वहन ईमानदारी और सेवाभाव से करें।

## न्यूज फ्लैश

### बहन दर्शना इन्सां की अंतिम इच्छानुसार उसके परिजनों ने उनकी आंखें नेत्र बैंक को दान की

**पानीपत.. कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के पानीपत के 11 वार्ड निवासी दर्शना इंसा धर्मपत्नी फूल सिंह अपनी स्वांसों रूपी पूंजी पूरी कर सचखंड जा विराजी। डेरा सच्चा सौदा की शिक्षाओं पर चलते हुए ब्लॉक पानीपत 11 वार्ड निवासी बहन दर्शना इन्सां की अंतिम इच्छानुसार उसके परिजनों ने उनकी आंखें माधव नेत्र बैंक को दान की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रेमी सेवक धर्मपाल इन्सां ने बताया कि बहन दर्शना का परिवार दशकों से डेरा सच्चा सौदा से जुड़ा है और आप श्री पूज्य गुरू संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा से मानवता भलाई कार्यों में हैं उन्हीं कार्यों के तहत बहन दर्शना ने जीते जी संकल्प लिया हुआ था कि उसके मरणोपरांत उनकी आंखें दान की जाए जो किसी की अंधेरी जिंदगी में उजाला करेगी। उनकी इसी इच्छानुसार उन्होंने उनकी आंखें माधव नेत्र बैंक को दान की। जो किसी भी जरुतमंद के काम आएगीं। इस अवसर पर दर्शना इन्सां के परिवार के सदस्य जन सेवा दल के सदस्य व वार्ड 11 की संगत मौजूद रही।

### आम आदमी पार्टी के बदलाव यात्रा से कैथल में बदला माहौलः सतबीर गोयत

**बदलाव यात्रा से जनता अपने मुद्दों के प्रति हुई जागरूकः सतबीर गोयत**

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत ने कहा कि कैथल और कलायत विधानसभा में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के दौरान जनता ने भारी समर्थन दिया। और हल्के की जनता भी बदलाव करने की बातें करने लगी है। जिससे गांवों और शहर में आम आदमी पार्टी का माहौल बदला दिखाई दे रहा है। वहीं अब हरियाणा की जनता ने भी पंजाब और दिल्ली के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की नीतियों पर चलने की शुरूआत कर दी है। बदलाव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का गवाह है कि आम आदमी पार्टी 2024 में सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है। हरियाणा में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। हरियाणा की एक भी विधानसभा ऐसी नहीं थी, जिसमें युवाओं ने ये न कहा हो कि हमारे लिए रोजगार का प्रबंध कर दीजिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के इतिहास में युवाओं की ऐसी असहाय स्थिति कभी नहीं हुई। शहर से भी सुविधाओं के अभाव में कंपनियों पलायन करने को मजबूर है। प्रदेश के विभिन्न विभागों में 2 लाख 9 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण, हरियाणा के युवा विदेशों में पलायन कर रहे हैं। गैर कानूनी तरीकों से दूसरे देशों में जाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। किसानों को मुआवजा नहीं मिलता। 2022 तक दुगनी आय महज जुमला बन कर रह गया। माताओं और बहनों के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। बेटियों को बीजेपी के नेताओं से बचाने की जरूरत है। प्रदेश के सफाई कर्मचारियों समेत सभी वर्ग खट्टर सरकार के खिलाफ हड़ताल पर हैं। स्कूलों में 70 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं उन्होंने कहा सीएम खट्टर कल नोटिफिकेशन जारी करके प्रदेश में खाली पदों पर भर्तियां कर सकती है। लेकिन खट्टर सरकार युवाओं को हरियाणा में नौकरियां देने की बजाय हरियाणा के 10000 युवाओं को इजराइल भेज रहे हैं।

### गांव राई वार्ड 8 के बूथ नम्बर 89 पर सुशासन दिवस जिला संयोजक द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गांव राई वार्ड नं 8 बूथ नम्बर 89 पर सुशासन दिवस के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने अटल जी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पुनीत राई ने कहा कि ओजस्वी वक्ता, जनकवि व अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से मां भारती को विश्व में गौरवान्वित करने वाले भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष महान जननेता उनके महान व्यक्तित्व के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। पुनीत राई ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राष्ट्रवादी राजनीति में तब आये जब उन्होंने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद का अंत किया, वह राजनीति विज्ञान और विधि के छात्र थे और कॉलेज के दिनों में ही उनकी रुचि विदेशी मामलों के प्रति बढ़ी।

# अटलजी के दिखाए मार्ग पर चलकर सुशासन स्थापित कर रहे मोदी-मनोहरः जवाहर यादव

**सुशासन दिवस**

**8 लोगों को मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए शुरू किया कार्यालय**



**चंडीगढ़/ गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी रहे भाजपा नेता जवाहर यादव ने सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस मनाते हुए बादशाहपुर विधानसभा में अपने चौथे कार्यालय का शुभारंभ किया। सेक्टर 46 में खोले गए इस कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। सबसे पहले जवाहर यादव और उपस्थित लोगों ने अटल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने संकल्प लिया कि स्वर्गीय अटल जी के मार्ग पर चलते हुए समाज के कल्याण के लिए काम करेंगे। जवाहर ने कहा कि यह कार्यालय भी लोगों को मोदी-मनोहर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शुरू किया गया है इस अवसर पर भाजपा नेता जवाहर यादव ने कहा कि अपनी नीतियों व उपलब्धियों से देश में सुशासन स्थापित करने का रास्ता प्रशस्त करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर एक-एक भाजपा कार्यकर्ता के मन में अटल जी हैं?। जवाहर यादव ने सबसे अपील की कि सबको मिलकर समाज सेवा के कार्य करते हुए सुशासन स्थापित करने में अपना सहयोग देना है। हमें केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मनोहर सरकार को तीसरी बार भी सत्ता में लाना है ताकि अटल बिहारी वाजपेयी जी के देखें हर सपने को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित भारत की गारंटी दी है और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को विकास में सबसे आगे रखने के संकल्प के साथ विकास किया है। हमें हर घर तक मोदी- मनोहर सरकार की योजनाएं पहुंचानी है और इसमें एक एक कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभा भी रहा है।जवाहर यादव ने विश्वास दिलाया कि उनके हर कार्यालय की तरह इस कार्यालय में भी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य निरंतर चलेगा।

## विधायक प्रमोद विज ने राशन डिपो का किया औचक निरीक्षण



**पानीपत कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया** शहरी विधायक प्रमोद विज ने बीते सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा से लौटते वक्त कृष्णपुरा में चल रहे राशन डिपो का औचक निरीक्षण किया एवं अनाज की गुणवत्ता को भी चेक किया कविधायक ने राशन लेने आए क्षेत्रीय जनों से भी बातचीत की एवं उनकी समस्याओं को समझा। विधायक ने डिपो धारक से राशन की पर्ची भी ली एवं उचित तरीके से राशन वितरित करने के आदेश दिए। विधायक ने अनाज की गुणवत्ता चेक कराने के लिए गेहूं को पॉलीथीन में भर कर ले आए कविधायक ने बातचीत में कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की सुविधाओं का लाभ उचित तरीके से मिले, हर जनप्रतिनिधि को ऐसा प्रयास करना चाहिए कपानीपत के आमजनों को सरकार की हितग्राही योजनाओं का लाभ हो इस हेतु पूर्णतः प्रयासरत हूं क

## भाजपा सरकार के राज में हरियाणा का हर वर्ग दुखी : डॉ. सुशील गुप्ता

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया** आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय बदलाव यात्रा ने प्रदेश की जनता की समस्याओं को उजागर करने का काम किया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा कि इसके तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने 90 विधानसभाओं का दौरा किया और प्रदेश के लोगों की समस्याएं जानी व सरकार के सामने जनता के मुद्दे उठाए।
डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा हरियाणा का हर वर्ग प्रदेश में सत्ता परिवर्तन चाहता है। प्रदेश का हर वर्ग सरकार की जनता विरोधी नीतियों से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि बदलाव यात्रा में लाखों लोगों से रूबरू हुए।
जनता ने शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर हर विभाग में फैले भ्रष्टाचार तक खट्टर सरकार की पोल खोल कर रख दी। सरकारी अस्पतालों की हालत भी बद से बदतर है, न दवाइयां हैं, 50% से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली हैं। जनता प्राइवेट अस्पतालों में महंगे बिलों देकर इलाज करवाने को मजबूर है उन्होंने कहा कि लोगों ने बताया कि हरियाणा में महंगे बिजली के बिलोंल्ल के बावजूद भी बिजली नहीं आती है। दूसरी तरफ दिल्ली और पंजाब में जनता को फ्री और 24 घंटे बिजली मिलती है।
वहीं हरियाणा की जनता को हजारों के बिल भरने के बावजूद भी बिजली की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में 24 घंटे और फ्री बिजली देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के स्कूल और कॉलिजों की हालत इतनी बदतर है कि हरियाणा के बच्चों को अभिभावक दिल्ली के स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाना चाहते हैं। हरियाणा सरकार ने एफिडेविट देकर बताया कि साढ़े 1500 स्कूलों में शौचालय नहीं है। इनमें 500 लड़कियों के स्कूल हैं।

## अटल जयंती के उपलक्ष में पहुंचे अभिमन्यु सिंह :- किवाना

**पानीपत , कमाल हुसैन**
अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए। मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु सिंह , लोकसभा विस्तारक शशि दुरेजा , समालखा विस्तारक राजाराम शर्मा आदि का गांव हथवाला और किवाना में पहुंचने पर जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा ने अपनी टीम के साथ बुके, फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। गांव में पहुंचने पर अटल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया और कार्यकर्ताओं से आहवान किया ओर कहा कि हमें भी अटल जी के पद चिन्हों पर चलते हुए उनके जैसा बनने का प्रयास करना चाहिए।

## सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए तुरंत प्रभाव से तहसील का दर्जा देना चाहिएः गर्ग

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर 26 दिसंबर का भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग, भंडारे के कार्यक्रम व अग्रोहा के विकास पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बार-बार अग्रोहा को विकसित करने की बात करती है मगर सरकार की तरफ से अग्रोहा में कोई मूलभूत सुविधा तक नहीं है। अग्रोहा में सीवरेज लाइन तक नहीं है। अग्रोहा के बरसाती नाले सब बंद पड़े हैं। सड़कें टूटी पड़ी है सारी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने अभी तक अग्रोहा को तहसील का दर्जा तक नहीं दिया गया है। अग्रोहा के विकास के लिए सबसे पहले जरूरी है सरकार को अग्रोहा को तहसील का दर्जा तुरंत प्रभाव से देना चाहिए। सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए विशेष पैकेज देना चाहिए। सरकार को अग्रोहा में रिहाशी सेक्टर व शॉपिंग कांपलेक्स बनाना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, बरवाला, आदमपुर के बीच का केंद्र है मगर अग्रोहा में ना कोई इंडस्ट्रीज जोन है ना ही गांव स्तर पर कोई लघु उद्योग है। जब तक सरकार अग्रोहा व गांव स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा नहीं देगी तब तक अग्रोहा को विकास में बड़ी भारी दिक्कतें आएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार 125 एकड़ में जो महाराजा अग्रसेन जी का महल जो टीलें के रूप में बदल चुका है उसकी खुदाई का बिना देरी के तुरंत काम शुरू किया जाए ताकि खुदाई में जो भी सामग्री निकलेगी उसको अग्रोहा धाम में जो महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर जो दो म्यूजियम बना रहे हैं उसमें रखा जा सके ताकि देश के कौने-कौने से आने वाले यात्री महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी से प्रेरणा लेकर ज्यादा से ज्यादा राष्ट्र व जनता के हित में काम कर सके।

# गरीब कल्याण और सुशासन की गारंटी हैं पीएम मोदी : धनखड़

**मिशन 2024**

**8 कुश्ती संघ की गतिविधियों को देखते हुए केंद्र सरकार ने तुरंत अच्छा निर्णय लिया : धनखड़**

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
पीएम मोदी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में भाजपा मिशन 2024 के लिए पूरी तरह से तैयार है। भाजपा की तैयारियों के सामने कांग्रेस कहीं नहीं ठहरती। हमारी पार्टी बूथ स्तर और पन्ने तक कार्यशील है। भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर के बादली हलके के गांव रईया, तुंबाहेड़ी और हसनपुर में



आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में भागीदारी करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। श्री धनखड़ ने कहा कि देश की जनता मोदी जी के साथ है। भाजपा के पास कुशल एवं क्रियाशील संगठन और मोदी जी जैसा सशक्त नेतृत्व है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में मिशन 2024 को लेकर विस्तार से विचार विर्मश और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।

**-- अटल ने भारत को बनाया परमाणु संपन्न राष्ट्र**

भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने महान स्वतंत्रता सेनानी महामना मदन मोहन मालवीय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महान योद्धा महाराजा सूरजमल की जयंती पर नमन किया और उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महामना ने शिक्षा के क्षेत्र में, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा देते हुए सस्ते लोन की व्यवस्था की और सैनिकों को सम्मान दिलाया। शहीद होने पर सैनिक को सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार की व्यवस्था स्थापित की। श्री धनखड़ ने कहा कि महाराजा सूरजमल महान योद्धा थे, उन्होंने 80 से अधिक युद्ध जीते। महान योद्धा होते हुए महिलाओं के प्रति उनके मन बहुत सम्मान था। आज भी महाराष्ट्र में पूरे सम्मान के साथ महाराजा सूरजमल को याद किया जाता है। महाराजा सूरजमल ने पानीपत युद्ध के बाद मराठा वीरांगनाओं को पूरे मान सम्मान के साथ महाराष्ट्र में उनके घर तक पंहुचाया था।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर ट्राइसिकल व व्हीलचेयर राजकुमार शर्मा फाउंडेशन ने वितरित की

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य पर राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ( माखन भोग वाले )ने गांव जैनपुर में ट्राइसिकल व व्हीलचेयर वितरण की। गांव के दिव्यांग अंगुरली, सूरज कश्यप, रामकुमार कश्यप को व्हीलचेयर दी गई। फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि आज हम सभी एक ऐसी पुण्यात्मा की जयंती पर यहां एकत्रित हुए हैं जिन्होंने न सिर्फ इस देश को नई दिशा दी बल्कि गांव गांव तक जो सड़कें पहुंच पा रही हैं वो उन्हीं की देन है। आज तकनीक के जिस युग में हम जी रहे हैं उसकी नींव उन्होंने अपने प्रधानमंत्री रहते हुए रखी थी।
स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे। उन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे। प्रतीक शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था राई हलके के गांवों में समाजसेवा के कार्य कर रही है। छात्राओं को कालेज जाने के लिए निशुल्क बस सुविधा, पेयजल व्यवस्था के अलावा अन्य कार्य कर रही है। इस मौके पर राजकुमार त्यागी,डा. कृष्ण त्यागी, हरिओम कौशिक,कुलदीप त्यागी, अभिषेक त्यागी, कपिल त्यागी, अजय, पप्पू, आकाश, जोनी ,सतु,महावीर, राजेश, ललित, जतिन, मोहन, कुलदीप, शौकीन आदि मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी के बदलाव यात्रा से अंबाला में बदला माहौलः करणवीर

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष करणवीर लौट ने कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के दौरान जनता ने भारी समर्थन दिया। वे सोमवार को गाँव बकनौर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हल्के की जनता भी बदलाव करने की बातें करने लगी है।
जिससे गांवों और शहर में आम आदमी पार्टी का माहौल बदला दिखाई दे रहा है। वहीं अब हरियाणा की जनता ने भी पंजाब और दिल्ली के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की नीतियों पर चलने की शुरूआत कर दी है। बदलाव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का गवाह है कि आम आदमी पार्टी 2024 में सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करेगी।

## 25 अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**पानीपत, कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**
सुशासन दिवस के अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, सामान्य अस्पताल से डॉ. पवन कुमार, गवर्मेंट सी. सैकेण्डी स्कूल सिठाना की प्रधानाचार्य मिनाक्षी शर्मा, एसडीएओ देवेन्द्र सिंह, इसराना से पटवारी विकास लोचब, पटवारी जोगिन्द्र, स्टैनो अमृतपाल, पटवारी संजीव कुमार, क्रिड से मोनिका, जुनियर इंजनियर अजय छौक्कर, क्लर्क नरेन्द्र भोरिया, जुनियर प्रोग्रामर कमल कुमारी, पटवारी सत्यनारायण, एसडीई हरविन्द्र



शर्मा, एसआई रणबीर सिंह, एएसआई जोगिन्द्र सिंह, एएसआई बलेन्द्र सिंह, जुनियर प्रोग्रामर सौरभ, लाईनमैन जगबीर सिंह, यूडीसी संदीप, क्लर्क रोमित, क्लर्क सोनू, क्लर्क दीपक, स्टैनो संदीप कुण्डु व ऊषा रानी को सम्मानित किया गया। जिले में 1098 मोबाईल किए जाएंगे आंगनबाड़ी वर्करों को वितरित सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पंचकूला के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से आंगनबाड़ी वर्करों को मोबाइल वितरित करने की योजना की शुरूवात की ताकि उन्हें कम करने में आसानी हों। इसी कड़ी में पानीपत जिले में भी आंगनबाड़ी वर्करों एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी से जुड़ी ऊपर की अधिकारियों को भी मोबाइल वितरित किये जायेंगे, इस योजना के तहत पानीपत जिले में कुल 1098 मोबाईल वितरित किये जायेंगे। सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार को सांकेतिक रूप से बापौली सीडीपीओ लक्ष्मी, इसराना सीडीपीओ पुष्पा रानी, समालखा सीडीपीओ रजनी दत्ता, मन्जु, मोहिनी, रीना, सुशीला पूनम नानी, पंकज, व अमित को मोबाईल वितरित किए गए।

# कल्याणकारी योजनाओं से अटल जी के सपनों को पूरा कर रही हैं मोदी-मनोहर सरकार : नायब सैनी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की मनोहरलाल सरकार स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए देश में कल्याणकारी योजनाओं से सुशासन स्थापित कर रहे हैं। श्री सैनी ने कहा कि बीपीएल कार्ड जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना भी स्वर्गीय वाजपेयी ने की थी। मोदी-मनोहर सरकार भी गरीब कल्याण में लगी है। श्री नायब सैनी सोमवार को सुशासन दिवस पर कैथल के लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सबसे पहले अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके दिखाए गए मार्गदर्शन पर चलने का आह्वान किया। उनके साथ महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, विधायक लीलाराम, जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सैनी और मंत्री कमलेश ढांडा ने आंकनबाड़ी कार्यकर्ता को स्मार्ट फोन और पटवारियों को टैब वितरित किए। इससे पहले श्री सैनी ने कैथल के नागरिक अस्पताल में अटल वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने यहां भी उपस्थित सभी लोगों से अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की।
नायब सैनी ने कहा कि आज सुशासन व्यवस्था से देश और प्रदेश के नागरिकों का जीवन सरल हुआ है और समस्याओं का समाधान भी तेजी से रहा है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार में पारदर्शिता से काम होना ही सुशासन का



उदाहरण है। जनता पारदर्शी योजनाओं से ही सुशासन व्यवस्था का अहसास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव को शहर से जोड़ा जा रहा है। बीपीएल कार्ड के तहत गरीब व्यक्तियों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो सपने स्वर्गीय वाजपेयी ने गरीब, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए देखे थे, उन्हें पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर रहे हैं।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि मनोहर सरकार में बिचौलियों का खत्मा हुआ है और ऑनलाइन व्यवस्था से लाभार्थियों को सीधा लाभ पहुंच रहा है। गरीब व जरूरतमंदों की जरूरतें पूरी हो रही है और प्रदेश में जनता सुशासन महसूस कर रही है। श्री सैनी ने कहा कि सबको उनका अधिकार मिल रहा है यही सच्चा सुशासन है। श्री सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में सड़क तंत्र को मजबूत कर गांव व शहर में आवागमन सुगम बनाया गया है। मनोहर सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाई गई योजनाओं का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ी प्रदेश का नाम विश्व पटल पर रोशन कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्षी दलों के नेता संवैधानिक पदों की गरिमा के खिलाफ काम कर रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं द्वारा देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर अशोभनीय टिप्पणियां करना वास्तव में लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की छोटी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। श्री सैनी ने कहा कि देश में लोकतंत्र से बड़ा कुछ नहीं है, लेकिन कांग्रेसी नेता अपने आपको लोकतंत्र से ऊपर मानते हैं।
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सुशासन की धारणा पर चलते हुए प्रदेश सरकार विभिन्न सेवाएं और योजनाएं ऑनलाइन व्यवस्था से लोगों तक पहुंचा रही है। आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर किया जा रहा है। राज्य सरकार ने पुरानी व्यवस्थाओं को बदलकर लाभार्थी तक सीधा लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है।
कमलेश ढांडा ने कहा कि आमजन के कार्यों को सरलता प्रदान करते हुए अटल सेवा केंद्र, अंत्योदय सरल केंद्र स्थापित किए गए हैं। आमजन की परेशानियों के समाधान के लिए सीएम विंडो एक बेहतरीन माध्यम साबित हो रहा है, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी परेशानी को तथ्यों के साथ रखता है और उनकी परेशानी का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होता है। मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज प्रदेश में महिला एवं बाल विकास की बहुत ही अहम योजना की शुरुआत हुई है। आज प्रदेश में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, पोषण अभियान से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों को 28 हजार 484 स्मार्ट फोन के वितरण की प्रक्रिया का शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया।
इस मौके पर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना, एडीसी सुशील कुमार, एसडीएम कृष्ण कुमार व देवेंद्र शर्मा, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, संजय भारद्धाज, कर्मबीर कौल, ज्योति सैनी, सीमा रानी, भीम सैन अग्रवाल, रामपाल राणा, अशोक सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सेंटा क्लॉज बन कर नौनिहालों ने सबका मन मोहा

## ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया क्रिसमस का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चे रंग बिरंगी सेंटा क्लॉज की ड्रेस पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। जिंगल बेल्स गीत की धुन पर सभी बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही ईसा मसीह के जीवन पर भी कार्यक्रम पेश किए। सेंटा क्लॉज बने बच्चों ने टॉफिया बांटी और सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। एंजेल परी की ड्रेस में सजी नन्हीं छात्राओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं भी दी ।





चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला पर्व क्रिसमस शांति एवं प्रेम का संदेश लेकर आता है । उन्होंने प्रभु मसीह के जीवन पर भी प्रकाश डाला और कहा कि त्योहार कोई भी हो खुशी का पैगाम लेकर आते हैं। क्रिसमस भी हम सभी के लिए प्रेम, विश्वास, भाईचारा का संदेश लेकर आता है, इसलिए हम सभी के जितने भी दुख दर्द है उसे भुला कर एकता दिखाते हुए पर्व को मनाएं। इस मौके पर स्कूल कैंपस में क्रिसमस ट्री को आकर्षक तरीके से सजाया गया । साथ ही प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित विभिन्न झांकियां भी प्रस्तुत की गई। क्रिसमस डे की शुरूआत बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर की। लक्ष्मी ,आस्था, देवांशु, नितिन ,तनव और यशस्वी ने आकर्षक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया । इस मौके पर पुलकित, निशांत ,प्रियांशु ,निष्ठा ,संयम, रितिका परीक्षित, जानवी चैतन्या, मानवी आदि छात्र-छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन अध्यापिका सीमा देवी और कक्षा सातवीं की जिया और छवि ने किया।

# पूर्व पीएम वाजपेयी जी राजनीति में अजातशत्रु थेः संदीप सिंह



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सुशासन दिवस पर प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्रिड की जन सहायक ऐप, मेरा परिवार-मेरी सरकार, डोनेशन फॉर सीएम रिलीफ फंड, सामान्य कैडर के ग्रुप डी के कर्मचारी के ट्रांसफर अभियान के पोर्टल की सौगात दी है। यह सौगात भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दिवस पर दी गई है। अहम पहलू यह है कि जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह व विधायक सुभाष सुधा ने आंगनवाड़ी वर्करों को स्मार्ट फोन की सौगात देने का काम किया है। इस कार्यक्रम में 7 शिक्षकों व मनरेगा के प्रोग्राम ऑफिसर को सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित भी किया है।

जिला प्रशासन की तरफ से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती दिवस पर सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय सुशासन दिवस का शुभारंभ राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, नगराधीश हरप्रीत कौर, जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने हिंगाखेड़ी से आंगनवाड़ी वर्कर परमजीत, धीरपुर से जसवंत, सुंदरपुर से रविंद्र, कीर्ति नगर से सीमा, बकाली से रेखा, गादली से किरणा, झंडौला से गीता, बिंट से कुलवंत, त्यौड़ा से सुनीता, खेड़ा से इंद्रा, गढ़ी रोड़ान से कमलेश व रजनी को स्मार्ट फोन वितरित किया। इसी कार्यक्रम में राज्यमंत्री व विधायक ने नींव प्रोजेक्ट के तहत स्कूलों में शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विषय में सराहनीय कार्य करने पर नवोदय के प्रिंसिपल निरंजन सिंह, मनरेगा के प्रोजेक्ट आफिसर मनोज सोनी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री संदीप सिंह व विधायक सुभाष सुधा ने नींव प्रोजेक्ट के तहत ही हर ब्लॉक से एक-एक शिक्षक को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया, जिसमें बाबैन से संदीप कुमार, लाडवा के बकाली स्कूल से राजकमल, पिहोवा के डेरा बाजीगर स्कूल से मनोज कुमार, पिपली के कौलापुर स्कूल से श्रुति, शाहबाद के रावा स्कूल से सुनीता नारंग, थानेसर के डेरा प्रेम नगर स्कूल से आशीष सहारन तथा इस्माईलाबाद के लोटनी स्कूल से सतनाम सिंह शामिल है।इस कार्यक्रम से भी पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आनलाइन प्रणाली से प्रदेश वासियों को भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को लेकर आयोजित सुशासन दिवस की प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुशासन दिवस पर प्रदेश वासियों को 4 नए ऐप व पोर्टल की सौगात भी दी है। राज्यमंत्री संदीप सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह की प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश वासियों को 4 योजनाओं की सौगात दी है।

## न्यूज फ्लैश

### लोहिया परिवार ने लगाया विशाल भंडारा



**पानीपत/कमाल हुसैन:** लोहिया परिवार द्वारा लगाया गया विशाल भंडारा।हर इंसान को प्रभु भक्ति के साथ ही अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पूण्य भी अवश्य करना चाहिए। उक्त बातें लोहिया परिवार से गणपत मित्तल मे एक सप्ताह से चल रही। श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर कही। लोहिया परिवार द्वारा लक्ष्मी बिल्डिंग में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया था। जिसमें वृंदावन से पहुंचे लक्ष्मण दास महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाई। और सोमवार को कथा के समापन पर लोहिया परिवार द्वारा रेलवे रोड पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरेश मित्तल, अशोक लोहिया, सुभाष लोहिया, संजय,बॉबी मित्तल, नितिन मित्तल, अजय मित्तल, विकास, प्रदीप, सौरव, सचिन अग्रवाल, अमन मित्तल, रिकी अग्रवाल व मनमोहन सहित लोहिया परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

### गन पॉइंट पर लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहा तीसरा आरोपी काबू



**पानीपत/कमाल हुसैन** सीआईए टू पुलिस टीम ने तहसील कैंप क्षेत्र की चावला कॉलोनी में दूध डेयरी पर गन पॉइंट पर हुई लूट की वारदात में शामिल फरार तीसरे आरोपी को रविवार देर शाम सिवाह बस स्टेंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंकित निवासी गांव कवि के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी मनोज निवासी टिटों खेड़ी जीन्द व रितेश निवासी बुटाना सोनीपत के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया डेयरी से लूटे 3 हजार रुपए में से उसके हिस्से में 1 हजार रुपए आए थे जिसमें से 500 रुपए उसने खाने पीने में खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बचे 500 रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। आरोपी का अंकित का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी के खिलाफ पानीपत के थाना मतलौडा व सदर में मारपीट व धोखाधड़ी के 2 मामले व जिला सोनीपत के थाना बड़ी में एक्साइज एक्ट का 1 मामला दर्ज है। आरोपी जिला सोनीपत के मामले में पीओ घोषित है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया की लूट के उक्त मामले में पहले पकड़े जा चुके आरोपी मनोज निवासी टीटों खेड़ी जीन्द व रितेश निवासी बुटाना सोनीपत के कब्जे से लूटी गई राशि में 400 रुपए व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर वहा से दोनों को न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी आरोपी अंकित पुत्र सूरजभान निवासी कवि के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था।

# हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में मना तुलसी पूजन दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 25 दिसम्बर (कुलदीप सिंह )**
हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा व अधमी रोड, बापौली में तुलसी पूजन दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक सुभाष वर्मा व प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर तुलसी पूजन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का आरंभ किया गया। विद्यार्थियों को तुलसी के पौधे से होने वाले लाभों के विषय में बतलाया गया। तुलसी पूजन के महत्त्व को बताया गया। प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करते हुए कहा कि हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार तुलसी का पौधा पवित्र औषधीय पौधा माना गया है ।जहां इस पौधे को लगाया जाता है, वहां आसपास का वातावरण शुद्ध रहता है। इसके सेवन से हम अनेक कष्टकारक रोगों से बच सकते हैं तथा रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। हमें अपने देश की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से सदा जुड़े रहना चाहिए और अपने पुराने रीति-रिवाजों का सदा अनुसरण करना चाहिए, जिससे कि हमारे देश का आधार और सुदृढ़ हो सके। हमें प्रांगण में तुलसी का पौधा अवश्य लगाना चाहिए।



**संस्कृति**

8 विद्यार्थियों को तुलसी के पौधे से होने वाले लाभों के विषय में बतलाया गया

# मदर्स मुस्कान स्कूल में तुलसी पूजन दिवस आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मदर्स मुस्कान स्कूल में तुलसी पूजन दिवस इनर व्हील क्लब सोनीपत और मातृ शक्ति आदि सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर मनाया गया । इनर व्हील क्लब की प्रधान श्रीमती सुषमा दहिया और मातृ शक्ति की सरंक्षिका श्रीमती उषा शर्मा ने तुलसी पूजन का महत्व बताया। स्कूल की चेयरपर्सन और निगम पार्षद बबीता कौशिक ने तुलसी पूजन के लिए आए सभी का धन्यवाद किया और तुलसी के महत्व और हमारे जीवन मे इसके प्रभाव के बारे में बताया। इस मौके पर अंजू दहिया, शुग्धा, सुदेश जग्गा, शांति सोलंकी, वीणा, नीलम सहगल और मदर्स मुस्कान स्कूल सारा स्टाफ मौजूद रहा।

# विकास पब्लिक स्कूल क्रिसमस दिवस, तुलसी पूजन मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह )**
चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आटटा में क्रिसमस दिवस, तुलसी पूजन, राजा सूरजमल व अटल जयंती तथा ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर कक्षा पहली से तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य, भाषण, कविताएं, नाटक आदि प्रस्तुत किए। मंच संचालन इंदु व पूर्णिमा की देखरेख में इशु द्वारा किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह उन्होंने यातनाओं को सहन किया



इसके उपरांत अंतर्सदनीय सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक सदन के 15 -15 बच्चों ने शिरकत की । नृत्य में बच्चों ने लोक - नृत्य, भांगड़ा ,गिद्दा आदि बखूबी दर्शाया। तुलसी पूजन भी बड़ा ही आकर्षक रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका चारों सदनाध्यक्ष ने बखूबी निभाई फिर भी सूक्ष्म कमियों को देखते हुए परिणाम इस प्रकार रहा प्रथम स्थान पर रोज हाउस, द्वितीय स्थान पर डेजी हाउस रहा व लोट्स हाउस को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा।

# 315 बोतल अवैध देसी, अंग्रेजी शराब व बीयर सहित तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया हुआ है।
अभियान के तहत थाना किला पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 11 वाल्मीकि चौपाल के नजदीक एक घर से भारी मात्रा में अवैध शराब व बीयर सहित शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 291 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब व 24 बोतल बीयर बरामद की गई। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि रविवार को थाना किला पुलिस की एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान वार्ड नंबर 11 में शिव चौक के पास मौजूद थी।

# सुंदर ढींगरा ने सफाई अभियान चला मनाया सुशासन दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 8 में बूथ नंबर 150 में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सबसे पहले अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। वही सुंदर ढींगरा ने उपस्थिति को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में अजातशत्रु थे, विपक्षी भी उनकी कार्यशैली के कायल थे। सुंदर ढींगरा ने कहा कि अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, तो वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी के आदर्शों को हमें अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। वार्ड 8 में भाजपा नेता सुंदर ढींगरा ने दीपक शर्मा, अशोक शर्मा, मास्टर रामचंद्र साहनी, गगन कोहली, लेखराज मोंगा, हैप्पी अरोड़ा, नरेश सपरा, हितेश अरोड़ा, डॉ. वेद प्रकाश, सुभाष बजाज, घनश्याम आनंद, इंद्रजीत सिंह साहनी, मनी सहगल, नीरज शर्मा, राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार, अशोक शर्मा, सागर मिड्ढा, ललित अरोड़ा, डॉ. संदीप, विपिन कपूर व वार्डवासियों व सफाई कर्मचारियों के साथ विभिन्न एरिया में सफाई अभियान चलाया।



**याद किया**

8 पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में अजातशत्रु थे, विपक्षी भी उनकी कार्यशैली के कायल थे

# विभाजन विभीषिका कल्याण समूह की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विभाजन** विभीषिका कल्याण समूह रजिस्टर्ड की बैठक रोहतक के जिमखाना क्लब में आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथि निवर्तमान असम के राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी रहे और सम्मानित अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और बौद्ध राज सीकरी ने अध्यक्षता की।बैठक का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। बैठक की शुरूआत असम के निवर्तमान राज्यपाल जगदीश मुखी व हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर को पगड़ी पहना कर पुष्प देकर की गई । तत्पश्चात लगभग 90 से अधिक लोगों की उपस्थिति में हुई जिसमें हरियाणा के 17 शहरों से लगभग 90 प्रतिनिधियों ने अलग-अलग पंजाबी सभाओं के प्रतिनिधि के तौर पर अपना-अपना परिचय दिया और अपने-अपने विचार रखें! प्रोफेसर जगदीश मुखी जी को पेटर्न इन चीफ,मनीष ग्रोवर पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार को मुख्य संरक्षक, नीति सेन भाटिया पानीपत को वरिष्ठ संरक्षक सभी की करतल ध्वनि के बीच बनाया गया। गुरुग्राम से बोध राज सीकरी को चेयरमैन, सोनीपत से जोगिंदर पाल अरोड़ा को को चेयरमैन नियुक्त किया। सभी बिरादरियों के प्रेसिडेंट या उनके मनोनीत व्यक्ति नई संस्था के वाइस प्रेसिडेंट होंगे और सभी बिरादरियों के महामंत्री या उनके द्वारा मनोनीत व्यक्ति इस समूह के मंत्री होंगे। हर बिरादरी अपने यहां से एक-एक व्यक्ति का नाम कार्यकारिणी के लिए भी मनोनीत कर सकती है। बोधराज सीकरी ने प्रो. जगदीश मुखी और मनीष ग्रोवर जी से आग्रह किया कि विभाजन के वक्त की नाइंसाफी के जख्म को भरने के लिए कौम के कल्याण के लिए सरकार से कल्याण बोर्ड बने। आप अगुवाई और मदद करें।

**नियुक्ति**

8 गुरुग्राम से बोध राज सीकरी को चेयरमैन, सोनीपत से जोगिंदर पाल अरोड़ा को को चेयरमैन नियुक्त किया

# फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा का 25वां स्थापना मनाया गया

## हंसते रहिए, मुस्कुराते रहिए उस दिन को बेकार ही समझो, जिस दिन तुम हंसे नहीं: सतपाल सिंह अहलावत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**फ्रेंड्स** लाफिंग क्लब हरियाणा ने नगर निगम पार्क सोनीपत में हँसी ठहाको, हर्षोल्लास उमंग के साथ 25वा सिल्वर जुबली स्थापना दिवस मनाया। नगर निगम पार्क सोनीपत में सुबह सुबह आयोजित कार्यक्रम में सभी हंसोड़ लोगों की जमात इकट्ठा हुई और सभी ने पुरानी यादें ताजा की व संस्थापक सदस्यों में सतपाल सिंह अहलावत, सीताराम धवन, देवराज डेम्बला, सतीस प्रधान, ओमप्रकाश मुंजाल, देवेंद्र गर्ग रोहट वाले, धर्मेंद्र बत्रा, व नए सदस्यों ने एक दूसरे से मिलकर खुशी से झुम उठे और हँसी ठहाको के बीच जमकर मस्ती आंनद के सिल्वर जुबली वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने बताया वर्ष 1998 में हास्य क्लब की शुरूआत की थी। 25 दिसंबर 1999 को फ्रेंड्स लाफिंग क्लब लाफ्टर क्लब इंटरनेशनल से संबंधित हुआ और हरियाणा प्रदेश का सोनीपत में फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा के रूप में पहला हास्य क्लब बना। जिसकी पहचान दुनियाभर के 70 देशों में 6500 ज्यादा हास्य कलुबो में बनी। सतपाल सिंह अहलावत ने बताया आज तेजी से बदलती जीवनशैली के कारण हम विभिन्न मानसिक और शारीरिक बीमारियों से जूझ रहे हैं और इन बीमारियों को सिर्फ दवाइयों से ठीक नहीं किया जा सकता है, इसके लिए हमें हास्य योग का अभ्यास करना चाहिए जिसे दुनिया भर में बड़ी संख्या में शोधकताओं ने स्वीकार किया है। हँसना सबसे बढ़िया दवाई है और हँसना प्रभु की नियामत से कम नही है। अहलावत ने कहा हँसी विश्व की सबसे सरल भाषा है जिसे सारा संसार समझता है। उन्होंने हास्य मेव जयते के नारे के साथ सब से आहवान किया आये गमो का दौर भी तो मुस्कुरा के जियो। क्लब के संस्थापक सदस्य एवं महासचिव सीताराम धवन ने बताया जब हास्य क्लब बनाया तब लोग हमें पागल समझते थे लेकिन अब हँसी का महत्व समझते हुए जो पागल समझते थे अब खुद भी हमारे साथ हँसते है। धवन ने बताया अब शहर के विभिन्न पार्को सेक्टर 14 हुड्डा पार्क, मॉडल टाउन जैश पार्क, सेक्टर 23 के पार्क में हास्य क्लब की शाखाएं काम कर रही है। धवन ने कहा कि सिल्वर जुबली वर्ष में फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा विश्व हास्य दिवस पर मई महीने के पहले रविवार को राट्रीय स्तर का हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करेगा। हास्य क्लब की कोई भी सदस्यता शुल्क नही है एक चुटकुला सुना कर कोई भी सदस्य बन सकता है। इस अवसर पर संरक्षक देवेंद्र गर्ग रोहट वाले व नगर निगम पार्क हास्य क्लब के प्रधान सतीस ने पार्क में मिठाईया नमकीन व गरमागरम कॉफी पिला कर सब का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में आये सभी नए पुराने सदस्यों ने चुटकुलों, गीत, गजल,शेर शायरी, व नृत्य से लोगों जमकर ठहाके लगाये और सूर्य की प्रथम किरण के साथ छोड़े हँसी के फव्वारे और खूब मौज मस्ती के साथ सिल्वर जुबली की बधाई दी और सबके अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ फ्रेंड्स लाफिंग क्लब की स्वर्णिम जयंती भी मनाएंगे। इस अवसर पर सुंदर बत्रा, राजेंद्र गर्ग, प्रकाश तनेजा, महेश कुमार, गुलशन, कवँल रहेजा, राजेंद्र जिंदल, संजीव वलेचा,नवीन गर्ग, बलवंत राय बंसल, दयाल चंद मदान, के साथ पार्क में सुबह सैर करने वाले अन्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



### श्री नवयुवक वैलफेयर सोसायटी ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# मजलिस पार्क: माता की विशाल चौकी का भव्य आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मजलिस पार्क इलाके गली के नम्बर-7 में श्री नव युवक वैलफेयर सोसायटी के द्वारा 23वीं माता की विशाल चौकी का आयोजन किया गया। ज्योति प्रचण्ड यजमान व माता पूजन श्रीकृष्ण अग्रवाल, गौरव अग्रवाल परिवार के द्वारा किया गया। वहीं, कंजक पूजन दीपक बेरीवाला ने किया। इस दौरान मंच का संचालन गोपाल खनेजा ने अपने अनोखे अंदाज में किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से निर्बाध जारी है। इस अवसर पर महंत अनिल शर्मा, ज्योति दिलदार, जीतु तूफानी, गीताजंलि शर्मा, गौरव भारद्वाज ने भजनों से आये हुए भक्तों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, नेता सदन व निगम पार्षद आदर्श नगर मुकेश गोयल, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, एक्शन इंडिया



समूह के संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श नगर ब्राह्मण सभा के प्रधान अरविंद शर्मा, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा, प्रकाश आई सेंटर मॉडल टाउन से डॉ. अभिनव प्रकाश ने शिरकत की और माता रानी का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का आयोजन शाम 6.30 बजे किया गया। जोकि देर रात तक जारी रहा। दिल्ली के प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर आवाज से माता रानी के भजनों से सभी का मन मोह लिया। भक्त नाचते-गाते और झूमते दिखे। इस दौरान क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे। वहीं, श्री नवयुवक वैलफेयर सोसायटी के चेयरमैन सुरेन्द्र बुद्धिराजा, वाईस चेयरमैन नरेश टंडन, प्रधान दयाकृष्ण अग्रवाल, महासचिव सुनील खन्ना, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र अरोड़ा, निर्देशक संदीप कंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## सुनील कुमार शर्मा पैनल ने दाखिल किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेजीडेंट वेलफेयर** एसोसिएशन, डीडीए फ्लैट्स, चित्रकूट, लोनी रोड़ के चुनाव में सुनील कुमार शर्मा पैनल की ओर से रविवार को सभी पदों पर नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। सभी पदों पर चुनाव आगामी 7 जनवरी को होंगे। सुनील कुमार शर्मा पैनल इस बार क्षेत्र में परिवर्तन की मांग को लेकर मैदान में उतरा है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर बालादत्त शर्मा (उत्तराखंड), महासचिव को रोबिन कुमार सहरावत, सचिव को दौलतराम और कोषाध्यक्ष पद पर आशीष अग्रवाल ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इसके अलावा



कार्यकारिणी के दो सदस्य के रूप में भी चुनाव होंगे जिन पर गौरव जोशिया और अभिषेक सिवाल ने कार्यकारिणी सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि यह चुनाव परिवर्तन का चुनाव होगा। क्षेत्र की जनता निवर्तमान आरडब्ल्यूए की उदासीनता और क्षेत्र की उपेक्षा से परेशान हो गई है।

## राष्ट्रीय अटल सम्मान समारोह व अटल गाथा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व प्रधानमंत्री भारत** रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में दशम राष्ट्रीय 'अटल सम्मान समारोह' व प्रसिद्ध संगीतमय अटल गाथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अटल सम्मान समारोह ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक अजय भाई ने संगीतमय अटल गाथा का आयोजन कर लोगों का दिल जीत लिया।

उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को उनकी कविताओं और स्मृतियों के माध्यम से जिंदा कर दिया। इस अवसर पर अटल सम्मानों की श्रंखला के दसवें



आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के लिए 17 सम्मान दिये गए। विश्वभर में अपनी अलग पहचान बना चुके अटल सम्मान समारोह में देश-विदेश से प्राप्त सैकड़ों आवेदनों की गहन पड़ताल के बाद चयन समिति के सदस्य सांसद व कलाकार मनोज तिवारी, पद्मश्री नलिनी-कमलनी, गायक कुमार विशु, माटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा व साहित्यकार भुवनेश सिंघल ने विभिन्न कार्यक्षेत्रों के 17 लोगों का चयन किया। अटल सम्मान समारोह के अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक सुप्रसिद्ध कवि भुवनेश सिंघल ने बताया कि यह उनका दसवां आयोजन है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लिए कलाकारों, साहित्यकारों, समाजसेवियों, व्यापारियों व राजनीतिज्ञों आदि सहित देश-विदेश के 17 चयनित योग्य लोगों को अपनी भारतीय परम्परा व सस्कृति के अनुसार शंखनाद व मंत्रोच्चार की स्वरलहरियों के बीच सम्मानित किया गया। सिंघल ने यह भी बताया कि यह देश का एकमात्र ऐसा आयोजन है जिसका गठन स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी की मौजूदगी में हुआ था और अपनी सांस्कृतिक पहचान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। अटल सम्मान समारोह की अध्यक्षता लोकसभा सांसद व प्रसिद्ध कलाकार मनोज तिवारी ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार में केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया।

## इतिहास हमें गर्व से जीना सिखाता है: ज्ञानी हरप्रीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरु** तेग बहादर साहिब जी और चार साहिबजादों की शहादत के बारे में जानकारी देने के लिए गुरुद्वारा सत भाई गोला, मोती नगर द्वारा इतिहासिक कार्यक्रम करवाया गया। सामुदायिक भवन, मोती नगर में हुए "चांदनी चौक से सरहिंद तक" नामक 'लाइट एंड साउंड शो' के माध्यम से सिख इतिहास को अत्याधुनिक तरीके से प्रस्तुत किया गया। पंजाबी रंगमंच, पटियाला के कलाकारों ने गुरमत की रोशनी और श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा निर्धारित नियमों के तहत अद्वितीय सिख इतिहास को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह, इतिहास शोधकर्ता



एवं सिख चिंतक डॉ. अनुराग सिंह और प्रचारक भाई हिरदेजीत सिंह ने इन महान शहादतों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि चमकौर साहिब के युद्ध जैसा दूसरा युद्ध इतिहास में न कभी हुआ है और न ही होगा। क्योंकि इस युद्ध में एक तरफ 10 लाख सेना थी और दूसरी तरफ सिर्फ 40 सिख थे। इसलिए, हमें इतिहास के नक्शे से गायब होने की बजाय इतिहास से सबक लेना चाहिए।

## सांता क्लॉज बन संदीप शाही ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

### हेलमेट मैन के नाम से प्रचलित हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात संदीप शाही




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** में बतौर हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात हेल्मेट मैन के नाम से प्रचलित संदीप शाही ने आज सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर दुपहिया वाहन चालकों को जागरूक किया और बिना हेल्मेट के बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों को समझाते हुए हेल्मेट भी बांटे।



**हेलमेट न पहनना देता है दुर्घटनाओं को न्यौता:** संदीप शाही ने बताया कि सड़क परिवहन मंत्रालय के एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली और देश में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा टू-व्हीलर वाले ही सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं, जिसका मुख्य कारण हेलमेट ना पहनना है। उन्होंनें बताया कि पिछले वर्ष 2022 में 1,68,491 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में मौत हुई। जिसमें 50029 लोगों की मौत और 1,01,891 लोग घायल केवल हेलमेट ना पहनने से हुई। जो अब तक का सबसे सर्वाधिक मौत के आंकड़े है। तो वहीं 2022 के सड़क दुर्घटना में मौत के आधार पर अपने देश भारत में प्रतिदिन 461 लोगों की मौत हो रही है जो विश्व में सर्वाधिक है। 30 नवम्बर तक दिल्ली शहर में 1300 लोगों की मौत हो गई है।

**2200 से ज्यादा कर चुके है हेलमेट वितरित:** संदीप शाही ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं से आहत होकर वह अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह और खुशियों के अन्य मौके पर हेलमेट का जागरूकता अभियान चलाकर उन टू व्हीलर चालको को हेलमेट भेंट करते हैं जो बिना हेलमेट के होते है। अब तक 2200 से ज्यादा हेलमेट लोगों को बांट चुके है ।

**सांता बन चलाया अभियान:** जानकारी के लिए बतादें कि आज दिल्ली के मधुबन चौक पर यातायात पुलिस के साथ मिलकर हेलमेट पहनों जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें 20 टू-व्हीलर चालक व पिछली सीट पर बिना हेलमेट बैठी महिलाओं को हेलमेट पहनाया। इस दौरान संदीप ने सांता क्लॉज के पोशाक पहनकर जगरूकता किया। इस मौके पर बच्चों को चाकलेट भी दी और लोगों को क्रिसमस की शुभकामना दी। यह जगरूकता लोगों को काफी रोचक, आकर्षक लगी। सभी ने सांता क्लॉज बने संदीप शाही का शुक्रिया अदा किया ।

## अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे है शकूरपुर के लोग: सोनम

# साक्षरता को लेकर महिलाओं की आवाज़ बुलंद कर रही है सोनम



### सोनम चड्डा ने कहा

= भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में देश में विकास की विकास देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।



**नारी का अपमान करें, वो कैसा इंसान है।**

**नारी को दबाने वाला किस बात का महान है।**

आज हम आपकी मुलाकात ऐसी युवती से करवाने जा रहे है, जो आज अपने समाजसेवा के कार्यों की बदौलत शकूरपुर क्षेत्र में किसी भी परिचय की मोहताज नहीं है। यहां पर हम बात कर रहें हैं शकूरपुर में रहने वाली व शकूरपुर आरडब्लूए की महासचिव व प्रसिद्व समाज सेविका सोनम चड्डा की। जो कि दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी रिसर्च स्कोलर कर रही है, इसके साथ ही नैट जेआरएफ कर चुकी है, और हिंदुस्तान मजदूर परिषद एनजीओ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है। उन्होनें बताया कि वह बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं कैंपिंग के दौरान झुग्गी बस्तियों में जाकर समय-समय पर कॉपी किताबें वितरित कर महिलाओं व बच्चों को साक्षरता के लिए प्रेरित भी करती है। उन्होनें बताया कि वह संघ से भी जुड़ी हुई है। सोनम ने कहा कि मेरा मानना है कि महिलाओं का सशक्तिकरण होना बेहद जरूरी है और सशक्तिकरण के लिए साक्षर होना भी उतना ही आवश्यक है।

**चुल्हा-चौके तक नहीं है सीमित:** सोनम ने बताया कि समाज में ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं जो खुद शिक्षित होकर अपने आस-पास की अन्य महिलाओं को शिक्षित भी बना रही है। बावजूद इसके आज भी हमें समाज की सोच बदलने की जरूरत है, पहले तो महिलाएं चूल्हा-चौके तक ही सीमित रहती थीं। अब समय बदल गया है, वे भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम रही हैं। और राजनीति में भी महिलाओं का वर्चस्व है।

**आत्मनिर्भर बन रही है महिलाएं:** बदलते दौर में महिलाएं अपने आप को काफी आगे लेकर चली आई हैं। आज कल पुरूषों की अपेक्षा महिलाएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए हुए है, समाज के हालात को देखते हुए हर महिला की यही सोंच होती है कि वो अपने पैरों पर खड़ी हो, उनको किसी के सहारे के लिए मजबूर न होना पड़े, ये सोंच एक अच्छे परिवार और समाज का निर्माण करती है। पुराने ख्यालात के लोगों के लिए ये बात कुछ ज्यादा हजम नहीं होती कि उनके घर की कोई महिला नौकरी करें, उनका मानना होता है कि औरतों का जन्म सिर्फ अपने पति, घर-परिवार तक ही सीमित है, पति बाहर जाकर काम करें पूरे परिवार का खर्च उठाए। पत्नी घर की पूरी जिम्मेदारी निभाएं।



**घूंघट में घूट रही महिलाएं:** देश में घूंघट की प्रथा आज भी बरकरार चल रही है, वक्त बदल गया, लेकिन घूंघट का दौर आज भी हैं। ऐसे में एक कामकाजी महिला के लिए थोड़ी सी परेशानी खड़ी करती है, शहरों में तो चलो कोई देखने नहीं आता लेकिन खासकर गांव में रहने वाली कामकाजी पत्नियों के लिए ये आज भी समस्या का विषय है। अब इस सोच को बदलने की जरूरत है, उस महिला का पल्लू जरा सा सर से नीचे हुआ कि समाज में बैठे इसके ठेकेदारों की उंगली उठने लगती है। जो कि एक आग की तरह फैलकर उसके घर तक पहुचंती है, जिसे लेकर किसी-किसी परिवार में तो पति-पत्नी के बीच लड़ाई झगड़े तक हो जाते हैं।



**-प्रस्तुति: महेन्द्र सिंह**

# विकास के पथ पर आगे बढ़ता भारत देश यही है सुशासन की निशानी: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं ने सुशासन दिवस को सार्थक किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आज हरियाणा सुशासन की राह पर अग्रसर है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वहीं विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

**समारोह**

**8 जिला स्तरीय गुड गवर्नेंस समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और विधायक नरेंद्र गुप्ता ने की शिरकत**

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज दो महान विभूतियों महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को आज सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 23 दिसंबर 2014 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों महान विभूतियों को भारत रत्न से अलंकृत किया था। इसी दिन यह तय किया गया था कि हर वर्ष 25 दिसंबर को दोनों महान विभूतियों के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। आज हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी वीडियो कांफ्रेंस के



माध्यम से इस विषय पर प्रदेश के अधिकारियों के साथ चर्चा की है। महात्मा गांधी ने स्वराज की कल्पना की थी और उसके पीछे का असली मकसद सुशासन ही था और सुशासन के आठ सिद्धांत हैं। जब देश में मोदी जी की सरकार आयी तब मोदी जी ने संकल्प लिया था कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इसी में सुशासन की सारी बातें नियमित हैं। कानून बनाने या नीतियां बनाने से सुशासन आ जाएगा यह संभव नहीं, जब तक सबकी नीयत ठीक नहीं होगी तब तक सुशासन नहीं आएगा। सुशासन को लाने के लिए सबसे पहले हम सबको अपनी नीयत ठीक करनी होगी। मोदी जी ने कहा था न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन यह सुशासन का असली रूप है। लाल किले से 15 अगस्त 2017 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि एक हजार दिनों में 18,000 गांव जहां बिजली नहीं है वहां बिजली पहुंचानी है और एक हजार दिनों की जगह सिर्फ 987 दिनों में ही 18,000 गांव में बिजली पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया। साढ़े नौ सालों में देश में जो परिवर्तन आया है हम सब उसके साक्षी हैं। हर क्षेत्र में देश सबके सहयोग से आगे बढ़ रहा है। सुशासन का मतलब हर काम नियमित समय पर हो। केजीपी और केएमपी हाईवे को 500 दिनों में पूरा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सत्ता परिवर्तन तो अनेक बार हुए हैं कई सरकारी और गई हैं जब से हरियाणा में मनोहर सरकार आई है और मनोहर लाल के नेतृत्व में ईमानदारी के साथ व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। नौकरियों में पारदर्शिता, ट्रांसफर पॉलिसी में पारदर्शिता, घर बैठे ही सारी सुविधाओं को प्राप्त आज किया जाता है। साढ़े 9 सालों में 6 लाख गांव को इंटरनेट से जोड़ा गया है। 50 करोड़ जनधन खाता खोले गए थे किसको पता था उसको खोलने का क्या कारण है इसके पीछे मोदी जी की दूरगामी सोच थी ताकि सरकारी योजनाओं का सौ प्रतिशत योगदान लाभार्थी तक पहुंचे। आज घर बैठे सारी योजनाओं का पैसा जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, कोरोना काल में बीस करोड़ महिलाओं के खाते में पैसे पहुंचाना, 11 करोड़ किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि का पूरा पैसा पहुंचाना, पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले यह सुशासन की निशानी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की फरीदाबाद जिले में जो भी रुके हुए विकास कार्य है उनको तेज गति और सबके सहयोग के साथ समय पर पूरा करना है।

**यह हुए सम्मानित**

इस अवसर पर एनीमिया फ्री फरीदाबाद प्रोजेक्ट के लिए प्रथम पुरस्कार स्वास्थ्य विभाग से डॉ रचना, डॉ संगीता शर्मा, डॉ चारु, भावना और भारती और झुग्गी झोपड़ी बच्चों के पुनर्वास योजना के लिए द्वितीय पुरस्कार गरिमा सिंह तोमर, युद्धवीर और परवीन और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए तृतीय पुरस्कार डॉ राम भगत, डॉ सीमा बांगर, डॉ बरखा, डॉ नीरज, डॉ हर्षित, डॉ दीपा, डॉ अदीब, डॉ गजेंद्र, डॉ दीप्ति, डॉ जोगिन्दर, डॉ शोभा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा सुपरवाइजरों को मोबाइल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी पूजा वशिष्ठ, एसडीएम परमजीत चहल, सीटीएम हरिराम, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने कार्यालय पर किया भोज का आयोजन

**मौजूद**

**8 इस मौके पर फरीदाबाद की संस्थाओ के प्रधानो के अलावा उनके कार्यकारिणी के सदस्य भी मौजूद रहे।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

आपको बतादें आज पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने कार्यालय सेक्टर- 16 सागर सिनेमा पर पुरे लोकसभा क्षेत्र से कुमाऊं और गढ़वाल संस्थाओ के प्रधान और उनकी कार्यकारिणी कों स्नेह भोज पर आमंत्रित किया। इस मौके पर फरीदाबाद की लगभग सभी संस्थाओ के प्रधानो के अलावा उनके कार्यकारिणी के सदस्य भी मौजूद रहे। इस मौके पर पहुँचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने सबसे पहले बद्री विशाल का जयकारा लगाया और सभी लोगों का कार्यक्रम में पहुँचने पर अभिन्दन किया। इससे पहले सभी संस्थाओ के प्रधानो ने उत्तराखंड समाज की तरफ से पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का बुक्के भेंट करके और शॉल ओढ़ाकार सम्मान भी किया। इस मौके पर संस्था के कुछ प्रधानों की तरफ से फरीदाबाद शहर में उत्तराखंड समाज का एक सामुदायिक भवन बनाने की मांग की गयी। इस मौके पर पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों कों सम्बोधित करते हुए शुरूआत में उत्तराखंड की भाषा में ही लोगों से पूछा क्या



हाल छि तुम्हारा, घोरो मे सब ठीक ठाक छि ना जिस पर लोगों ने सब ठीक छन का जवाब देते हुए तालियां बजाकर अभिवादन स्वीकार किया। पूर्व मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा की भविष्य में जब भी सरकार में सांझेदारी हुई तो उत्तराखंडवासियो की भवन की मांग कों जरूर पूरा किया जायेगा। इस मौके पर विपुल गोयल ने अपने कार्यालय पर सभी उत्तराखंड के व्यंजन बनवाये हुए थे जिनमे से खासतौर पर कंडाली का साग, चोसे की दाल, मीठा भात, भट के डूबके, झंगोरे की खीर और अन्य कई चीजे बनवायी हुई थी जिनका सभी उत्तराखंड के लोगों ने भरपूर आनंद लिया और कहा की आज तक ऐसा स्वागत और सम्मान उत्तराखंड के लोगों का कभी किसी राजनेता ने नहीं किया हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के प्रधानों ने मंच से पूर्व मंत्री कों आश्वासन देते हुए कहा की आज समस्त उत्तराखंडवासी उनके इस प्यार और मान सम्मान के ऋणी हों गए हैं जिसका मान सम्मान और प्यार का कर्ज उत्तराखंड का हर नागरिक समय आने पर जरूर अदा करेंगा । इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा की आज का भारत मोदी जी का भारत हैं जिसमें बहुत से परिवर्तन हुए हैं और हम सबने देखे और महसूस भी किए हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की उत्तराखंड सदा से ही वीरों की भूमि रहा है और आज पुरे भारत कों गर्व हैं हमारी भारतीय सेना की दो रेजिमेंट झ्र कुमाऊं रेजिमेंट और गढ़वाल रेजिमेंट पर जिनके नाम से दुश्मन थर थर काम्पते हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा की मोदी उत्तराखंड के माणा में पहुँचने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जहाँ पिछली सरकारों ने सीमावर्ती क्षेत्रों को देश की सीमाओं का अंत मानकर नजरअंदाज किया वहां से नरेंद्र मोदी ने देश की समृद्धि का आरंभ मानकर काम शुरू किया।

# एसएसबी हॉस्पिटल की टीम ने मैत्री क्रिकेट मैच में ईएसआईसी ऑफिस सेक्टर-16 को हराया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

सेक्टर-86 स्थित स्लेज हैमर क्रिकेट अकैडमी में खेले गये एक मैत्री मुकाबले में एसएसबी हॉस्पिटल की टीम ने ईएसआईसी ऑफिस की टीम को हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ईएसआईसी ऑफिस की टीम 8 विकेट खोकर मात्र 121 रन बना पाई। एसएसबी हॉस्पिटल की तरफ से हरीश और अंकित ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल की।

# उमेश भाटी ने डोर टू डोर कैंपेन की करी शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

तिगांव विधानसभा में जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने डोर टू डोर कैंपेन की शुरूआत की। इसकी शुरूआत सोमवार को न्यू तिलपत कॉलोनी के पोप कॉलोनी से हुई। जननायक जनता पार्टी की नीतियों को जनमानस तक ले जाने के लिए इस सभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के आयोजक महिपाल सिंह और स्थानीय लोगों ने श्री उमेश भाटी का माला और पंगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री उमेश भाटी ने स्थानीय लोगों से सरकार द्वारा जारी लाभकारी सुविधा के बारे



में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर लोगों ने कई समस्याओं को श्री भाटी जी की समक्ष रखा। जिस पर श्री भाटी जी ने कहा की उनकी समस्याओं को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से वह जल्द ही मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा की सरकार की किसी भी योजना का लाभ आप तक नहीं पहुँच रहा हो तो उनका नंबर सबके लिए २४ घंटे हमेशा सबके लिए हाजिर हैं । इस मौके पर जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने डोर टू डोर कैंपेन में स्थानीय लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की वह खुद इस इलाके की समस्याओं को भली भांति जानते है। और उनका बचपन यही बिता और अब वह आप लोगो की सेवा में हमेशा हाजिर है। डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला पहली बार में ही 10 सीटों को जीतकर सरकार में अहम पद पर विराजमान है। आप अगर जेजेपी को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर पार्टी को मजबूत करते है तो आप ऐसी पार्टी की ताकत बनते है जो आप के साथ खड़ी हैं। श्री उमेश भाटी ने कहा की डोर टू डोर कैंपेन की शुरूआत उन्होंने शुरू कर दी है आप को मेरा घर का पता है मुझे आप का ,आप मुझे मजबूत करे मैं आप मजबूत करूँगा।

# गुर्जर महोत्सव में खजानी की छात्राओं ने किया कमाल, जीता पुरूस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

फरीदाबाद एआईटी स्थित खजानी वूमेन्स वोकेशनल इस्ट्रीटयूट की छात्राओं ने सूरजकुड़ में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव में हरियाणा के पारंपरिक नेतृत्व में शानदार प्रस्तुति देते हुए दर्शको की खूब तालियां बटोरी और पुरूस्कार जीता। छात्राओं को पुरूस्कार निशा अवाना और कृष्ण छवि बैंसला ने दिया। छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए संस्थान के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि हमें नाज है अपनी इन छात्राओं पर जिन्होनें गुर्जर



महोत्सव के मंच पर शानदार हरियाणवी नृत्य पेश कर ना केवल प्रदेश के संस्कृति को प्रर्दशित किया अपितु वहां मौजूद दर्शकों को अपनी बेहतरीन प्रीतिभा के भी दर्शन कराए।

# श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद से 251 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में श्रीमद. भागवत कथा की शुरूआत बड़ी धुमधाम से की गई। कलश यात्रा से पहले परविन्द्र मल्होत्रा(शंटी) ,निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा,समाजसेवी हंस आहूजा, अजय गर्ग, विन्दु ठेकेदार,शिव कुमार डालमिया,साहिल कपूर,अमित कपूर, यशवंत शर्मा, हेमन्त शर्मा,सन्नी, विनोद गुप्ता,पवन डाबर,सतीश व आहूजा ने श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत मंदिर सें 251 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो ओल्ड फरीदाबाद मेन बाजार,सेक्टर-18ए,गोपी कालोनी,बैंड मार्किट व बराहीपाड़ा होते हुए कथा स्थल पर पहुंची जहां पूरे विधि विधान से कलशों की स्थापना की गई। इस मौके पर निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से लोगों में भक्ति भाव की भावना जागृत होने के साथ साथ मन को शांति भी मिलती है। उन्होनें कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में प्रभु की भक्ति में मन लगाने वाले को सदा सुख मिलता है। उन्होनें कहा कि ईश्वर द्वारा बताए मार्ग पर चलने वाले को हमेशा समृद्वि के साथ वैभव मिलता है। परविन्द्र मल्होत्रा(शंटी) ने कहा कि इंसान को कभी ईष्या नहीं करनी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के बारे में सोचना चाहिए। उन्होनें कहा कि संसार में सुख-दुख तो आते जाते रहते है इसलिए सच्चा इंसान वही है जो बुरे वक्त में किसी का साथ ना छोड़े। कलश सुख समृद्वि का प्रतीक है और इस कलश यात्रा से यह संदेश जाता है कि चारों और लोगों में प्यार,भाईचारा और विश्वास बड़े कोई किसी का बुरा ना सोचे और हर तरफ खुशहाली के साथ किसी भी घर में अनाज की कमी ना हो। इस अवसर पर परविन्द्र मल्होत्रा(शंटी) ने कहा कि पिछले 20 वर्षो से उनके द्वारा इस श्रीमद. भागवत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

# देसी पिस्तौल व जिंदा रोंद सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल सेक्टर 88 फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान सेक्टर 88 एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी पिस्तौल व जिंदा रोंद बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शादियों में टैंट व डीजे का काम करता है।

जो आरोपी करीब चार महीने पहले मथुरा उत्तर प्रदेश अपने किसी रिश्तेदार के पास गया था वहां किसी अनजान व्यक्ति से आते समय ?8000 में हवाबाजी के लिए देसी पिस्तौल व जिंद रोंद को खरीद कर लाया था।

# अटल बिहारी हमारे प्रेरणा स्रोत: कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी हमारे प्रेरणा स्रोत बनें रहेंगे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि राजा नाहर सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा हमेशा के लिए स्मरणीय रहेंगे। प्रदेश के माननीय परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को सुबह 9:30 बजे देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती सेक्टर- 8 कार्यालय पर मनाई। जहां उन्होंने भारत भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी



वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी हमारे हमेशा हमेशा के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने भारतीय जाट समाज बल्लभगढ़ द्वारा प्रतिमा स्थापना के मौके पर सुबह 10 बजे शहीद राजा नाहर सिंह और उनके सेनापति शहीद गुलाब सिंह सैनी तथा शहीद भूरा बाल्मिक जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम बल्लबगढ़ स्थित शहीद राजा नाहर सिंह महल में आयोजित किया गया। भारतीय जाट समाज बल्लभगढ़ द्वारा आज महाराजा सूरजमल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर बल्लभगढ़ रियासत के राजा शहीद नाहर सिंह जी उनके सेनापति गुलाब सिंह सैनी और भूरा सिंह वाल्मीकि की प्रतिमा स्थल राजा नाहर सिंह महल में यज्ञ हवन का भी आयोजन किया गया। जहां प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के द्वारा आज शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, पूर्व विधायक शारदा राठौर, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, जाट समाज के प्रधान सुभाष चौधरी,लखन बेनीवाल, टिपर चंद शर्मा, संदीप चौधरी, नरवीर तेवतिया सहित इलाके और शहर के गणमान्य लोग एवं जाट समाज के नेता मौजूद रहे।

# एसआर एस इंटरनेशनल ने मनाया वार्षिक खेल उत्सव 3.0

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

एस. आर. एस. इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-88, ग्रेटर फरीदाबाद ने अपना वार्षिक खेल दिवस 3.0,फरवेंट स्पोर्ट्स अरेना सेक्टर-78 में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथ के रूप में रेडक्रास सोसायटी की चेयरपर्सनन सुषमा गुप्ता मौजूद रही।

इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल,प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा मिश्रा,स्कूल मैनेजर तेजप्रकाश पांडे,शिक्षाविद सी. एल. गोयल,सहायक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हरबीर अधाना, संतोष



छपराना सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ के सदस्य व अभिभावक उपस्थित रहे । इस अवसर पर विनय गोयल ने कहा कि इस खेल उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है । गीता श्लोकों के पाठ के साथ दीप प्रज्ज्लवन कर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुषमा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में बेहद जरूरी है और जिस तरह से इस खेल उत्सव में नन्हे बच्चों में खेल की भावना देखी गई, वह सराहनीय है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि इससे बच्चों के अंदर खेल व भाईचारे की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर विनय गोयल ने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का होना भी अत्यंत आवश्यक है। इसलिए स्कूल द्वारा खेल उत्सव में हर बच्चे की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए वहीं योग की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। योग के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियों के लिए श्रेष्ठा शर्मा, कनिका सिंह, उदिता, दीक्षा और प्रांजल नेवर, बॉक्सिंग में मैडल हासिल करने वाली अनीका गुप्ता, शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आंचलप्रीत कौर को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा मिश्रा ने कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# 5.85 ग्राम हेरोइन सहिता आरोपी को क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जसलोक उर्फ जस्सी इस्माईलपुर पल्ला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने



गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दीपाली एनक्लेव इस्माईलपुर से काबू किया है आरोपी कि तलाशी लेने पर आरोपी से 5.85 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हेरोइन को उत्तराखंड में किसी व्यक्ति से 10000/-रु में बेचने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी पर पहले भी 2 मामले अवैध नशा तस्करी के दर्ज है।

जिन में आरोपी जमानत पर है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## 'अटल जी ने ही रखी थी विकास, सुरक्षा, सुशासन की आधारशिला'

### सीएम योगी ने पूर्व पीएम 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोक भवन प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी भारत की राजनीति के अजात शत्रु थे। उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को उभारने के साथ देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान रखा था। पिछले साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के जो नये प्रतिमान स्थापित किये हैं, उसकी आधारशिला श्रद्धेय अटल जी ने अपने शासनकाल में ही रख दी थी।

**अटल जी ने समाज और राष्ट्र को दी एक नई दिशा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य सरकारें अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रही हैं। उनका स्मरण करते हुए उनके मूल्यों और आदर्शों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प भी ले रही हैं। यह वर्ष श्रद्धेय अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष की शुरूआत भी है। सभी जानते हैं कि 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में उनका जन्म हुआ था, लेकिन उन्होंने कर्म भूमि के रूप में उत्तर प्रदेश को चुनने के साथ ही यहां पर शिक्षा भी ग्रहण की। वहीं आगरा के बटेश्वर को उनकी पैतृक भूमि के रूप में जाना जाता है। अटल जी ने समाज और राष्ट्र को एक नई दिशा दी है। ऐसे में सरकार उनके आदर्शों को अपनाकर काम करेगी। वहीं सरकार साहित्यिक क्षेत्र में अटल जी की स्मृतियों को भी जीवंत बनाये रखने के लिए ग्राम्य पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके अलावा बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल से लेकर विवि और अन्य एकेडमिक संस्थानों में उनकी साहित्यिक रुचि, पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में बताया जायेगा।

## 'छत्तीसगढ़ मॉडल' से लोगों के बीच पैठ बना रही भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन (25 दिसंबर) को भाजपा ने सेवा-सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इसके लिए हर राज्य में जिला से लेकर मंडल-बूथ स्तर तक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों की लोगों को जानकारी दी और यह बताने का प्रयास किया कि किस तरह मोदी सरकार के कार्यों के द्वारा उस लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था।

बीजेपी नेताओं का मानना है कि 2019 में मोदी सरकार की सत्ता में वापसी के पीछे उसकी कल्याणकारी योजनाओं का लोगों के बीच बहुत अधिक लोकप्रिय होना था। यही कारण है कि अब



अपने हर कार्यक्रम में भाजपा नेता मतदाताओं को यह बताने का कोई अवसर हाथ से नहीं जाने दे रहे हैं कि केंद्र सरकार ने उनके लिए किन-किन कार्यों को किया है और किन योजनाओं का लाभ उन्हें आने वाले दिनों में मिलता रहने वाला है।

**मॉडल झुग्गी बस्ती बनेगी:** दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने आनंद विहार की एक झुग्गी-झोपड़ी को गोद लिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के कल्याण की बात करते थे। भाजपा ने अपने कार्यक्रमों के जरिए इसी आदर्श को स्थापित करने का संकल्प लिया है। झुग्गी-झोपड़ी में समाज का सबसे कमजोर वर्ग निवास करता है। उसे मजबूत करने के लिए दिल्ली के गरीबों को अब तक तीन हजार से ज्यादा फ्लैट दिए जा चुके हैं।

**रोटी, कपड़ा और मकान देकर कर रहे अंत्योदय:** विष्णु मित्तल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने घोषणा कर दी है कि अगले पांच साल तक गरीबों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा। इससे उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर आने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के साथ-साथ दिल्ली में भी गरीबों को मुफ्त आवास प्रदान करेंगे। आवास-भोजन की सुविधा देने वाली सरकार ने लोगों को स्वस्थ रखने के लिए उनके मुफ्त इलाज की सुविधा भी दी है। इस तरह रोटी, कपड़ा और मकान देकर गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम किया जा रहा है। भाजपा ने आवास योजना के प्रति लोगों में आकर्षण पैदा कर छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव जीता है।

## 'भीख नहीं जमीनों का मुआवजा मांग रहे किसान'




**टीम एक्शन इंडिया/अमरोहा**
**भाजपा** सरकार किसानों को रुलाने के लिए मजबूर कर रही है। कूबी में किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। पचास लाख की जमीन के बदले 50 हजार का मुआवजा देना किस हद तक सही है। किसान भीख थोड़ी मांग रहे हैं। इससे तो किसान अपनी जमीन दान में दे दे। सरकार के शोषण से कूबी में माता-बहनें और बुजुर्ग रोने को मजबूर हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी किसानों का उत्पीड़न नहीं होने देगी। यह बात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कूबी में धरनारत किसानों से मुलाकात के दौरान कही। सोमवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय दोपहर के समय कूबी गांव पहुंचे। उन्होंने जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों से वार्ता की। कहा कि किसानों के धरने तीन सौ से अधिक तीन हो चुके हैं। किसान जमीन का हक मांग रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। पचास लाख की कीमत की जमीन का मुआवजा 50 हजार रुपये दिया जा रहा है। जो सरासर गलत है। इससे तो किसान इस जमीन को सरकार को दान में दे दे। किसान सरकार से भीख थोड़ी मांग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। हम उनका डटकर उनके साथ देंगे। अन्नदाता कमजोर नहीं है। आज सरकार के उत्पीड़न से कूबी में माता-बहनें और बुजुर्ग रो रहे हैं। यह सरकार हिटलर शाही वाली है।

कहा कि लड़ाई लड़ना सही है, लेकिन भूख रहना गलत है। मजबूत रहने के लिए खाना पीना जरूरी है।

दूध और मट्ठा पीकर सरकार से लड़ाई लड़ने के लिए खुद को मजबूत बनाएं। हम और हमारी पार्टी उनके साथ है। अजय राय ने किसानों से कहा कि हम मोदी से लड़ते हैं। 2014 और 2019 के चुनाव में बनारस में हम मोदी के सामने लड़ते हैं। डटकर लड़ेंगे, पीछे नहीं हटेंगे।

## बढ़ रहे कोरोना के नए वेरिएंट के मामले



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में कोरोना** के मामलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। विभिन्न राज्यों में एक्टिव केस के साथ कोरोना के नए वेरिएंट JN.1 के मामले भी बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा जानकारी के अनुसार, बीते 24 घंटों में भी कोरोना के 628 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, देश में 24 दिसंबर तक कोरोना के JN.1 वेरिएंट के कुल 63 मामले सामने आए हैं।

गोवा में सबसे ज्यादा 34 मामले, महाराष्ट्र से 9, कर्नाटक से 8, केरल से 6, तमिलनाडु से 4 और तेलंगाना से 2 मामले मिले हैं।

**केरल में 128 नए कोरोना केस:** केरल में पिछले 24 घंटों में 128 नए कोविड-19 मामले सामने आए हैं और एक मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राज्य में सक्रिय मामले 3,128 हो गए हैं।

## 'इंडिया में कांग्रेस अहम, सीट बंटवारे पर बनेगी बात'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**28 विपक्षी** पार्टियों के गठबंधन-इंडिया में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, सभी दलों के बीच खुले मन से चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियां सीट बंटवारे पर आगे भी बात करती रहेंगी।

उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी की भूमिका पर भी बातें की। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी एआईसीसी की महासचिव हैं और हमारी पार्टी में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी कांग्रेस में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रभारी पद से मुक्त किए जाने पर कांग्रेस पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका की भूमिका अहम रही है।

